चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 77 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 12 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

रामनवमी पर छह राज्यों में भारी बवाल

बंगाल, गुजरात, झारखंड और मध्य प्रदेश में शोभा यात्रा के दौरान पथराव, हिंसा में एक की मौत, जेएनयू: छात्रों पर उपद्रवियों ने किया पथराव

नई दिल्ली: रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान देश के छह राज्यों में भारी बवाल हुआ। गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में शोभा यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव किया। इससे हिंसा भड़क उठी। गुजरात में एक की मौत हो गई। दिल्ली के जेएनयू कैंपस में पूजा के दौरान नॉनवेज खाने को लेकर हंगामा हो गया। छात्रों पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

गुजरात के तीन जिलों में बवाल, एक की मौत, कई घायल: गुजरात के साबरकांठा, आणंद और द्वारका में उपद्रवियों ने भारी बवाल किया। साबरकांठा में रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद (एबीवीपी) की शोभा यात्रा पर हमला हुआ। कई गाड़ियों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। आणंद जिले में शोभा यात्रा के दौरान पथराव के बाद हिंसा भड़क गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई। द्वारका में भी उपद्रवियों ने शोभायात्राओं को निशाना बनाया। हंगामा करने को लेकर पुलिस ने 15 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों जिलों में भारी **पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।**

पश्चिम बंगाल : बांकुड़ा में शोभा यात्रा पर पथराव, केंद्रीय मंत्री की कार पर भी हमला: पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान जमकर बवाल हुआ। यहां मचानताला पेट्रोल पंप मोड़ के पास स्थित मस्जिद के सामने से निकल रहे जुलूस पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने कहा कि "बांकुड़ा में रामनवमी के जुलूस पर पथराव किया गया। यह राजनीतिक रूप से किया गया था। उन्होंने मेरी कार पर भी पथराव किया। मैं पुलिस से अपील करता हूं कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।" पथराव के बाद भड़की हिंसा को रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस मामले में अभी तक 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

झारखंड: शोभायात्रा पर पथराव, धारदार हथियारों से हमला: झारखंड के लोहरदगा जिले के हिरही भोक्ता बगीचा इलाके के पास रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव हुआ। जुलूस में शामिल लोगों पर धारदार हथियारों से हमले किए गए। शोभायात्रा में शामिल 15 से ज्यादा लोग घायल हो गये। पूरे जिले में तनाव की स्थिति है। हालात को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। आरोप है कि शोभायात्रा एक कब्रिस्तान के पास से गुजर रही थी। इस दौरान दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने हमला कर दिया।

मध्य प्रदेश: खरगोन में हंगामा, आगजनी, चार घर जलकर खाक

मध्य प्रदेश के खरगोन में भी रामनवमी पर खूब बवाल हुआ। शहर में आगजनी हुई, जिसमें चार घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि रामनवमी का जुलूस शुरू ही हुआ था कि उपद्रवियों ने डीजे को लेकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते पथराव होने लगा। इसके बाद दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ गए। उपद्रवियों के हमले में एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि, उपद्रवियों ने शीतला माता मंदिर में भी तोड़फोड़ की है। जिला प्रशासन ने फिलहाल तालाब चौक, गौशाला मार्ग, मोतीपुरा, स्टेडियम के पीछे, टावर क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया।

दिल्ली: जेएनयू कैंपस में बवाल: जेएनयू में रामनवमी पर पूजा को लेकर विवाद शुरू हुआ। एबीवीपी और लेफ्ट के छात्रों के बीच हिंसा भड़क गई। इस घटना में कुछ छात्र घायल हुए हैं। दरअसल, कावेरी हास्टल में कुछ छात्र रामनवमी पर पूजा कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वामपंथी छात्र नेताओं ने रोजा इफ्तार पार्टी शुरू कर दी। नॉन वेज मंगवा लिया। इसपर रामनवमी की पूजा कर रहे कुछ छात्रों ने विरोध जताया। कहा कि पूजा के दौरान नॉनवेज लाना ठीक नहीं है। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। छात्र-छात्राएं घायल हुए। फिलहाल मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कर्नाटक : शोभायात्रा पर पथराव, तनाव: कर्नाटक के कोलार में भी रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान पथराव हुआ। इसकी जानकारी गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने सोमवार को दी।

एमपी: सांप्रदायिक हिंसा: 30 मकान-दुकान फूंके

खरगोन: मध्यप्रदेश के खरगोन में श्रीराम शोभायात्रा पर तालाब चौक के पास पथराव किया गया। उपद्रवियों ने 30 से ज्यादा दुकानों और मकानों में आग लगा दी। रात करीब 9 बजे मामला कुछ शांत हुआ, लेकिन देर रात 12 बजे फिर हिंसा भड़क गई। आनंद नगर, संजय नगर मोतीपुरा में घर फूंक दिए गए। कुछ घरों में लूटपाट भी की गई। इससे 70 से अधिक परिवारों को घर छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा। इस घटना में 10 पुलिसकर्मी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एसपी सिद्धार्थ चौधरी के बाएं पैर में गोली लगी है। वहीं, पुलिस ने सोमवार सुबह तक 70 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। पुलिस-प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना का दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उट ने कहा- किसी दंगाई को नहीं छोड़ेंगे। उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। दंगाई चिह्नित कर लिए गए हैं। जिन्होंने पत्थर चलाए, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, उनसे सार्वजनिक या निजी संपत्ति के नुकसान की वसूली भी करेंगे। उट के आदेश के बाद खरगोन में मोहन टाकीज इलाके में दंगाइयों के मकान तोड़ने का काम प्रशासन ने शुरू कर दिया है। इस घटना पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि जिन घरों से पथराव हुआ है, उन्हें ही पत्थर का ढेर बनाएंगे।

'कोरोना के एक्सई वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं'

हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ रहना सीखना होगा: सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली: दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने गुजरात में मिले कोरोना के एक्सई वेरिएंट को लेकर सोमवार को कहा कि कोविड -19 के नए वेरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। एक्सई वेरिएंट को विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से वेरिएंट ऑफ कंसर्न की लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। जब तक कोई वेरिएंट ऑफ कंसर्न नहीं आता है तब तक चिंता करने की जरूरत नहीं।

रोजाना दुनियाभर में कोई न कोई नया वेरिएंट आ ही रहा है। हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ रहना सीखना होगा, ये वेरिएंट आगे आते रहेंगे। हालांकि, अभी भी कोरोना के नियमों का पालन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या संतुलित: दिल्ली में कोरोना के मामलों पर जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली में कोविड-19 की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

फिलहाल संक्रमण दर पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। वर्तमान में केवल कोरोना के 49 मरीज ही अस्पतालों में भर्ती है। कोरोना मरीजों की संख्या संतुलित और कंट्रोल में है।

सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने की हो रही कोशिश: सीताराम येचुरी

कन्नूर: तीसरी बार माकपा के महासचिव बनाए गए सीताराम येचुरी ने सोमवार को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का हर स्तर पर सामना करना होगा। हालांकि ये एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सांप्रदायिक हिंदुत्ववादी एजेंडे को सामने लाना होगा। उन्होंने कहा कि खासकर हिंदी भाषी राज्यों में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तरी राज्यों के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी तेजी से और सबसे खतरनाक रूप से सांप्रदायिकता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां हिंदुत्ववादी एजेंडे को फैलाने के लिए असम का उपयोग किया जा रहा है।

भाजपा पर साधा निशाना: मार्क्सवादी पार्टी की 23वीं पार्टी कांग्रेस के समापन के एक दिन बाद उन्होंने कुन्नूर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भविष्य में इसके बहुत गंभीर परिणाम होगें। भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध सभी सामाजिक तंत्रों का उपयोग करते हैं और इसका हर स्तर पर मुकाबला करना होगा। येचुरी ने कहा कि हिंदुत्व सांप्रदायिक एजेंडे को आगे बढ़ाना होगा और इसे राजनीतिक, वैचारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक रूप से करना होगा। माकपा की हिंदी भाषी राज्यों के लिए योजना को बताते हुए वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी की राजनीतिक संगठनात्मक रिपोर्ट में लिखी हुई चीजों को कैसे लागू करना है, इस पर चर्चा करने के लिए जल्द ही हिंदी भाषी राज्यों में पार्टी सचिवों की एक बैठक बुलाई जाएगी।

नोएडा के एक स्कूल की कक्षाओं में कई छात्र संक्रमित

नोएडा: नोएडा सेक्टर-40 स्थित एक निजी स्कूल की तीन कक्षाओं में कुछ छात्राओं को कोरोना होने का मामला सामने आया है। बच्चों में कोरोना की पुष्टि होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने भी एहतियात के उपाय अपनाने के साथ ही एक सर्कुलर जारी कर अन्य अभिभावकों को भी इस संबंध में जानकारी दी है। वहीं एक ही स्कूल की तीन कक्षाओं में संक्रमण का मामला सामने आने के बाद अभिभावकों की भी चिंताएं बढ़ गई हैं। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, कक्षा 9वीं के सेक्शन ई और 12वीं के सेक्शन बी व डी में कुछ छात्र कोरोना से संक्रमित मिले हैं। फिलहाल तीनों कक्षाओं में ऑनलाइन पढ़ाई को 13 अप्रैल तक के लिए रोक दिया गया है। संदिग्ध होने पर अन्य छात्रों को भी कोविड जांच कराने के लिए कहा गया है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे किसी मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।नोएडा में कोरोना संक्रमण फिर से गति पकड़ने लगा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में 15 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है।

नफरत, हिंसा और बहिष्कार देश को कर रहे कमजोर- राहुल गांधी

नई दिल्ली: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच हुई हिंसा के एक दिन बाद सोमवार को कहा कि नफरत, हिंसा और बहिष्कार हमारे देश को कमजोर कर रहा है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि नफरत, हिंसा और बहिष्कार हमारे देश को कमजोर कर रहा है। प्रगति का मार्ग भाईचारे, शांति और सौहार्द की ईंटों से बना है। आईए मिलकर समावेशी भारत की रक्षा करें। उल्लेखनीय है कि रविवार को रामनवमी के दिन दिल्ली के जेएनयू कैंपस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और वामपंथी छात्र संगठन के छात्रों के बीच हिंसा हुई थी।

बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी किया। याचिका टेम्पल ऑफ हीलिंग नामक संस्था ने दायर की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि देश में लगभग तीन करोड़ अनाथ बच्चे हैं और करोड़ों निसंतान दंपति हैं। कानूनी जटिलताओं के चलते हर साल लगभग चार हजार बच्चे गोद लिए जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि बहुत से ऐसे लोग हैं, जो बिल्कुल पढ़े-लिखे नहीं हैं या कम पढ़े-लिखे हैं। गोद लेने के नियम इतने जटिल हैं कि लोग उसे समझ नहीं पाते हैं। अगर लोग अपने निकट संबंधी के बच्चे को भी गोद लेना चाहें तो उसमें भी तमाम कानूनी अड़चनें डाल दी जाती हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन के सचिव पीयूष सक्सेना ने कहा कि भारत में गोद देने की प्रक्रिया सेंट्रल अडाप्शन रिसोर्स अथॉरिटी (कारा) के जरिये होती है। कारा केंद्रीय महिला और बाल कल्याण मंत्रालय के तहत आता है जबकि ऐसे मामलों में हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण कानून लागू होता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आशंका जताई की कानूनी प्रावधान में ढील देने का नुकसान हो सकता है। तब सक्सेना ने कहा कि बच्चा गोद लेने की कुछ घटनाओं के गलत निकल जाने से सभी लोगों पर संदेह जताना सही नहीं है। अधिकांश लोग ईमानदार और अपना कर्तव्य निभाने वाले हैं।

पंजाब कांग्रेस की नई टीम ने की राहुल से मुलाकात

नई दिल्ली: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब कांग्रेस की नई टीम से मुलाकात की। कांग्रेस के अधिकारिक ट्वीट हैंडल ने फोटो जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने पंजाब कांग्रेस की नई टीम से मुलाकात की। इसमें अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा, कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण, पंजाब विधानसभा में कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा और उनके सहयोगी राज कुमार शामिल थे।

नरसंहार: कीव के आसपास मिले 1200 शव

कीव: रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 46वें दिन भी जारी है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी सेना भले ही कब्जा नहीं कर पाई हो, किन्तु कीव के आसपास 1200 शव मिलने से स्थितियां गंभीर हो गयी हैं। यूक्रेन ने रूस पर नरसंहार का आरोप लगाया है। धीरे-धीरे यह युद्ध लगातार आम आदमी पर भारी पड़ता जा रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध डेढ़ महीने से अधिक पुराना हो चुका है। आए दिन रूसी सेना आक्रामक होती जा रही है। यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जे की तमाम कोशिशें विफल होने के बाद रूसी सेना ने यूक्रेन पर हमले की रणनीति तो बदली है किन्तु कीव के आसपास रूसी नरसंहार के सबूत सामने आ रहे हैं। बूचा नरसंहार के बाद अब यूक्रेन की सेना ने राजधानी कीव के आसपास के क्षेत्र में 1200 शव मिलने का दावा किया है। यूक्रेन ने इन स्थितियों के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराते हुए रूसी सेना पर नरसंहार का आरोप लगाया है। यूक्रेन का कहना है कि रूस के लगातार हमलों के कारण अब तक 45 लाख लोग देश छोड़ चुके हैं। यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को भी 45 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान होने का दावा किया गया है। इस बीच रूस के चेचन्या गणराज्य के प्रमुख रमजान कादिरोव ने दावा किया है कि रूसी सेना मारियुपोल ही नहीं कीव व अन्य यूक्रेनी शहरों पर भी जल्द जोरदार हमला करेगी।

रिपोर्ट: देश के आठ शहरों में वायु प्रदूषण से बेमौत मारे गए एक लाख लोग

नई दिल्ली: देश के शहरों में वायु प्रदूषण का बुरा हाल है। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया है कि वर्ष 2005 से 2018 के बीच भारत के आठ शहरों में वायु प्रदूषण के कारण एक लाख लोगों की असमय मौत हुई है। नासा व यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के उपग्रहों से मिले आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ये आठ शहर हैं मुंबई, बंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, सूरत, पुणे और अहमदाबाद। ब्रिटेन के बर्मिंघम विश्वविद्यालय और यूसीएल के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन से पता चला है कि तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण 14 सालों में लगभग 1,80,000 लोगों की असमय मौतें हुई हैं।

वैज्ञानिकों की टीम ने 2005 से 2018 के दौरान नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के उपग्रहों से प्राप्त जानकारी का विश्लेषण कर यह दावा किया है। यह अध्ययन रिपोर्ट साइंस एडवांसेस में पिछले सप्ताह प्रकाशित की गई। अध्ययन से वायु गुणवत्ता में तेजी से गिरावट और स्वास्थ्य के लिए खतरनाक वायु प्रदूषकों के शहरी जोखिम में वृद्धि का पता चलता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषकों में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड 14 फीसदी तक और सूक्ष्म कणों में 8 फीसदी तक की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। अमोनिया के स्तर में 12 प्रतिशत तक और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों में 11 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। शोधकताओं की टीम में अमेरिका की हॉवर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक भी शामिल थे।

पराली समेत इन कारणों से बढ़ा वायु प्रदूषण: शोधकर्ताओं ने हवा की गुणवत्ता में तेजी से गिरावट के लिए उभरते उद्योगों और आवासीय स्त्रोतों- जैसे सड़क यातायात, कचरा जलाने और लकड़ी का कोयला और ईंधन लकड़ी के व्यापक उपयोग को जिम्मेदार ठहराया है।

गाजियाबाद में 100 से ज्यादा गायें जिंदा जलीं, झुग्गियों में लगी आग गौशाला तक पहुंचीं

कबाड़ में आग लगने के कारण 100 से ज्यादा गायों की जलकर मृत्यु हो गई, धुएं के कारण आसपास की बिल्डिंग को भी खाली कराया

गाजियाबाद: गाजियाबाद की झुग्गियों में दोपहर भीषण आग लग गई। ये झुग्गियां इंदिरापुरम थाने के इलाके में आती हैं। इस झुग्गी बस्ती के पास ही एक गोशाला भी है। हिंडन नदी के किनारे की झुग्गियों में लगी इस भीषण आग में 100 से ज्यादा गायें जल गई हैं। वहीं मथुरा और आगरा में भी आग लगने से करोड़ों का सामना खाक हो गया। मथुरा के वृंदावन में कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। उधर, आगरा के दयालबाग में सुबह साढ़े आठ बजे ग्रीन गैस की लाइन धधक उठी।

सीएम योगी ने दिए बचाव कार्य तेज करने के निर्देश: गाजियाबाद के झुग्गियों के किनारे कूड़ा-कचरा पड़ा रहता था। यहां एक छोटी सी लपट बढ़ते-बढ़ते भीषण आग में बदल गई। इसने पूरे इलाके को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। इस दौरान तेज धमाका हुआ। माना जा रहा है कि यह धमाका सिलेंडर के फटने से हुआ है। धमाके से लोगों के बीच दशहत बनी हुई है। वहीं, सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लिया है और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

100 से अधिक गायें जल गईं: आग इतनी तेज थी कि इसने पीछे बनी गौशाला को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहां कई गायें बंधी थीं, जिसमें से कुछ को गौशाला के मालिक ने बाहर निकाल दिया। श्री कृष्णा गौसेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया, 'कबाड़ में आग लगने के कारण 100 से ज्यादा गायों की जलकर मृत्यु हो गई है'। धुएं के कारण आसपास की बिल्डिंग को भी खाली कराया गया है।

हवा तेज होने से विकराल हुई आग: सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गाजियाबाद के कनावनी गांव में भीषण आग लग गई। पूरे इलाके में धुंआ ही धुंआ फैल गया। आग बुझाने के लिए स्थानीय लोगों ने तुरंत ही पानी डालना शुरू कर दिया, लेकिन हवा चलने की वजह से आग और विकराल होती चली गई।

दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। पुलिस प्रशासन भी घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच चुका है। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मगर माना जा रहा है कि कूड़े के ढेर में चिंगारी लगने की वजह से आग लगी थी।

मऊ में फिर गरजा बुलडोजर

वाराणसी: बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। मऊ प्रशासन ने सोमवार को मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त मिश्रा की पांच एकड़ भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। जिसकी अनुमानित लागत 60 करोड़ बताई गई है। जिलाधिकारी अरुण के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने पूरे दल-बल के साथ पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश मिश्रा द्वारा भुजौटी में पांच एकड़ भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग के मुख्य द्वार और बाउंड्री को ध्वस्त कराया।

खबर संक्षेप

दो अलग अलग गांवों में मार पीट मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट और जान से मारने की धमकी पर दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर निवासी श्याम लाल पुत्र जोखू लाल का आरोप है कि उनके विपक्षी पुराने मुकदमा की वापसी के लिए दबाव बनाया वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रहलादी, राकेश, शिवपूजन, राजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।उधर ग्राम बकराबाद निवासी परषोत्तम पुत्र शिवबरन का आरोप है कि मामूली कहा सुनी पर उसके परिजनों को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने जमुना प्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

झूंसी में मूर्ति विसर्जन के समय तीन लोगों की हुई मौत 5 लोगों को बचाया गया

सराय इनायत थाना क्षेत्र के अंदावां तालाब में मूर्ति विसर्जन के दौरान घटी घटना

अखंड भारत संदेश

झूंसी। सराय इनायत थाना के अंतर्गत अंदावां तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए सरकार ने व्यवस्था की है । नवरात्र में शेख अहमदपुर सहसों ग्राम सभा में लोगों ने चंदा इकट्ठा करके दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित की थी 9 दिन तक दुर्गा जागरण व हवन पूजन विधि विधान के साथ ग्रामीणों द्वारा किया गया नवरात्र के बाद आज करीब 2:00 बजे मूर्ति विसर्जन करने के लिए अंदावां के निर्धारित तालाब में लेकर आए और मूर्ति विसर्जन के समय कुल 8 लोग गहरे पानी मे डूबने लगे लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 5 लोगों को बाहर निकाल लिया और 3 लोग गहरे पानी में समा गए लोग चीखने चिल्लाने लगे शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग दौड़ कर आए और लोगों ने पुलिस प्रशासन तथा एंबुलेंस को सूचना दिया आनन-फानन में पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और डूबे

हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ व पुलिस

हुए तीन लोगों की तलाश गोताखोर द्वारा की जाने लगी बारी बारी से तीनों लोगों की बॉडी मिली आनन-फानन में स्वरूप रानी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने तीनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में अनिल कुमार 18 साल पुत्र शिव बहादुर गौतम अनिल पांच भाई बहनों में सबसे बड़ा था और वह जन्म से ही गूंगा बहरा था अनिल कक्षा आठवीं का छात्र था और कोरोना के दौरान उसकी पढ़ाई बाधित हो गई थी। प्रमोद कुमार उम्र 13 साल पुत्र धर्मराज कक्षा पांचवी का छात्र था और अपने मां बाप की इकलौती संतान था । अंकित 16 साल पुत्र शिव बाबू अंकित शिवाजी इंटर कॉलेज में सहसों में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र था उपरोक्त मृतक शेख अहमदपुर सहसो थाना थरवई के स्थाई निवासी थे । इस ह्रदय विदारक घटना में मां बाप व रिश्तेदारों का रो-रो कर हाल बुरा था जिसने भी सुना और देखा सभी की आंखें नम हो गई।

न्यूज झरोखा

बारा क्षेत्र के गीज गांव में आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल राख

कौंधियारा। गर्म तेज हवाओं के साथ दोपहर में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई जो एक चिंगारी से फैल कर भीषण आग के रूप में बदल गई और किसानों की मेहनत पर पानी फेर दी किसान अपनी लहराती खेत को देख कर खुश थे लेकिन गेहूं के खेत में आग लगने से उनकी मुस्कुराहट सिमट कर रह गई यह घटना बारा क्षेत्र के गीज गांव की है जहां दोपहर में चिंगारी ज्वाला के रूप में बनकर खेतों को चपेट में ले ली जिसमें 30 बीघे खेत जलकर खाक हो गए जिसमें फायर बिग्रेड एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से काफी फसलों को बचाया गया।

अब अपराधियों की खैर नहीं : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

ओवरलोड और अवैध खनन पर कसा शिकंजा

कौंधियारा। कौंधियारा थाना अंतर्गत जारी बाजार रीवा रोड पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों व अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में दिए गए निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुना पार एवं क्षेत्राधिकारी बारा के पर्वेक्षण में थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में अवैध खनन के विरुद्ध भारी वाहन चेकिंग के दौरान 'अवैध खनन करने वाले दो ट्रक पकड़े गए जिसमें बालू एवं गिट्टी चेकिंग के दौरान पकड़ा गया गया जिसका कागज मांगने पर ट्रकों पर कोई भी खनन का कागज नहीं दिखाया गया जिसके विरुद्ध दोनों ट्रक सीज किए गए जिसकी सूचना खनन विभाग व संभागीय परिवहन अधिकारी को दी गई जो की कौंधियारा थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया जिसमें उनकी टीम जारी चौकी इंचार्ज पंकज कुमार त्रिपाठी एवं विशाल सिंह ,बृजेश सिंह सिपाही सहित उनकी टीम नेतृत्व करने में सफल रही और दो ट्रक जिसमें बालू और गिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रक पकड़ी गई और थानाध्यक्ष द्वारा दोनों ट्रकों को सीज किया गया।

पेड़ हमारे देश एवम संस्कृति की शान : विजय सिंह पटेल

जसरा। वृक्ष पर्यावरण की शान हैं बिना स्वस्थ पर्यावरण के हम अपने स्वस्थ जीवन की कामना नहीं कर सकते हैं।देश का दुर्भाग्य हैं कि विकास के नाम पर आज तीव्र गति से पौधे काटें जा रहें हैं किन्तु अपेक्षाकृत पौधों का रोपण नहीं किया जा रहा हैं जों निकट भविष्य मे काफी दुखदायी साबित होने वाला हैं उक्त बातें एडवोकेट विजय सिंह पटेल प्रदेश महासचिव प्रधान संघ नें सोमवार को वृक्षारोपण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे बोल रहें थे आगे उन्होंने व्यापक पैमाने पर हों रहें वृक्षों की कटाई से अपनी चिंता जाहिर करते हुए पूरे विश्व जगत के लिए हानिकारक बताया । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल लोगों से अधिक से अधिक मात्रा मे वृक्षों के संरक्षण एवम नये पौधे लगाने की अपील किया गया।उक्त अवसर पर शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल नें वृक्षों से होने वाले अनेकों लाभों की भी जानकारी साझा भी गयी साथ ही उपस्थित लोगों से जल की एक एक बूँद की महत्ता को बताते हुए उपस्थित लोगों से जल संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया गया।

सीएचसी का अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया निरीक्षण

मऊआइमा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रशासन ए के चौरसिया ने मऊआइमा सीएचसी का निरीक्षण कर एक बैठक कर चिकित्सा सम्बन्धित जानकारी चिकित्सकों को दी। मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सोमवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रशासन ए के चौरसिया ने निरीक्षण किए।उन्होंने ने दवा वितरण का स्टक और रख रखाव, लैब, प्रसव कक्षों ओपीडी, आदि का निरीक्षण कर आए हुए मरीजों का हाल और इस चिकित्सा के बारे मे जाने संतोषजनक जवाब पा कर संतुष्ट नजर आए। ए के चौरसिया ने एक बैठक कर एनवीएस कायाकल्प की तैयारी की समीक्षा बैठक कर बिन्दुवार समझाए। इस अवसर पर चिकित्सा प्रभारी आर पी वर्मा,डाक्टर गुंजा अरुणा ,डाक्टर प्रीति, सुनील कुमार सरोज स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, लवलेश सिंह फार्मासिस्ट ,डाक्टर वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

जल प्रबंधन एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न

करछना। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत करछना में पंचायत भवन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें यूनोपस के जिला समन्वयक द्वारा एवं प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट ने समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि ग्राम पंचायत में पेयजल योजना के अंतर्गत हर घर जल एवं गांव को स्वच्छता अभियान चलाया साफ सुथरा बनाने के लिए प्रेरित किया गया, और सभी सदस्य गांव को स्वच्छता अभियान के तहत संकल्प लिया । बैठक में उपस्थित पंचायत सहायक प्रतिमा सिंह,आदि रोजगार सेवक गिरधारी लाल आदि शामिल रहे।

मेडल जीतने पर ग्रेपलिंग टीम को शुआट्स कुलपति ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

नैनी। सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के छात्रों ने अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी ग्रैपलिंग (पुरुष और महिला) चौम्पियनशिप 2021-22 में भाग लिया था जो महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित हुई थी। विभिन्न भार वर्गों में शुआट्स छात्रों ने पदक हासिल किए। पुरुष वर्ग में- विपिन कुमार मिश्रा (कांस्य पदक), अर्पित द्विवेदी (कांस्य पदक), अश्विन जॉन (कांस्य पदक), और अर्श अहमद खान (कांस्य पदक) और महिला वर्ग में- श्रेया यादव (कांस्य पदक) ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। शुआट्स कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र बी. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन)- प्रो. (डॉ.) एस.बी. लाल, प्रति

मेडल जीतने पर ग्रेपलिंग टीम को बधाई देते शुआट्स कुलपति

कुलपति (पीएमडी) प्रो. (डॉ.) सर्वजीत हर्बर्ट, निदेशक प्रशासन विनोद बी लाल, अध्यक्ष, एथलेटिक्स समिति और संयुक्त कुलसचिव डॉ. सी.जे. वेस्ले और विभागाध्यक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग डॉ. सुनीता बी. जॉन और कोच श्री प्रवीण राय ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मालगाड़ी के धक्के से असवां गांव निवासी मूलचंद की दर्दनाक मौत

जंघई। असवां गांव निवासी एक व्यक्ति की रेल लाइन पार करते समय मालगाड़ी से धक्का लगने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सोमवार दोपहर में असवां गांव निवासी 55 वर्षीय मूलचंद्र मिश्र गेहूँ के खेत से वापस घर लौट रहे थे वे जैसे ही रेल लाइन पार कर रहे थे कि मालगाड़ी की चपेट में आ गए। बताया जाता है कि प्रचण्ड गर्मी से बचने के लिए वे सिर पर कस कर रुमाल बांध कर खेत मे दोपहर तक काम करते रहे। सूचना पाकर मृतक के घर कोहराम मच गया। स्वजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

रितिका यादव का चयन उत्तर प्रदेश यूथ वॉलीबाल टीम में

23वीं राष्ट्रीय यूथ वॉलीबाल चैम्पियनशिप 11 से 16 अप्रैल तक उत्तराखंड में

मेजा रोड। उत्तर प्रदेश की यूथ वॉलीबाल टीम में प्रयागराज जिले की एक बालिका का चयन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने बताया कि 11 से 16 अप्रैल 2022 तक रुद्रपुर,उत्तराखंड राज्य के उधम सिंह नगर में आयोजित होने वाली 23वीं यूथ नेशनल वालीबाल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश राज्य की बालक एवं बालिकाओं की टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य की बालिका वालीबाल टीम में प्रयागराज जनपद की रितिका यादव को चयनित किया गया है। इससे पूर्व भी रितिका यादव कई बार सबजूनियर व जूनियर वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश राज्य के यूथ वालीबाल टीम का कैंप पीलीभीत जनपद के गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में लगाया गया था। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपद के बालक और बालिका खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। प्रशिक्षण के उपरांत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय यूथ चैम्पियनशिप में प्रतिभाग कर रहे है। प्रयागराज जनपद से उपरोक्त खिलाड़ी के चयनित होने पर जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय, चेयरमैन जार्डन.एच.नाथ, संगठन सचिव प्रमोद राय, विजया सिंह, निहारिका यादव, प्रभाकर चौबे, के.बी.एल.श्रीवास्तव, पंकज शुक्ला, फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, क्रीड़ाधिकारी म्योहॉल संदीप गुप्ता, रामाश्रय राय, बैजनाथ त्रिपाठी, स्टेडियम कोच आशीष यादव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उपरोक्त चयनित खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाइयां दी है।

बच्चे देश का भविष्य इनको शिक्षित बनाएं : थानाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

जंघई। एडी मेमोरियल कान्वेंट स्कूल वारी इंद्रप्रस्थ तिराहा प्रांगण में सोमवार को बच्चों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर थानाध्यक्ष नवनीत प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं इनको शिक्षित एवं समृद्ध बनाएं जिससे समाज में सभ्य संस्कारी शिक्षित बच्चे आगे बढ़ सकें। विद्यालय के उप प्रबंधक विजय कुमार तिवारी कोमल द्वारा उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के मार्गदर्शक बेसिक खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विमल तिवारी, ओमप्रकाश सिंह पूर्व प्रधान, बल्ली सिंह यादव एसआई, पूर्व प्रधानाध्यापक देवदत्त मिश्रा प्रिंसिपल अभिषेक सिंह, अंजलि विश्वकर्मा, अध्यापक अखिलेश, प्रतिमा, निधि, सुभाष चंद्र यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

श्रीराम जन्मोत्सव पर विहिप ने निकली भव्य शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

प्रतापपुर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के जन्मोत्सव पर विहिप प्रखंड प्रतापपुर गंगापार द्वारा भव्य शोभायात्रा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गाजे बाजे के साथ जंघई बाजार में श्री राम जानकी मंदिर से पूरे हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।सर्वप्रथम सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी ₹याज्ञिक₹ एवं आचार्य गोपाल, आचार्य कौशल दुबे द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया एवं मंदिर के महंत जी ने भगवान श्री राम जी की आरती करके यात्रा को आगे बढ़ाया।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे, कार्याध्यक्ष बबलू सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रभात सोनी, मीडिया प्रमुख रोहन शुक्ल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजू भाई साहब, शैलेश पाठक, मनीष जायसवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी, कार्य समिति सदस्य भाजयुमो राज कुमार मौर्य, व्यापार मंडल के बबलू जायसवाल, विवेक जायसवाल, जंघई प्रधान प्रमोद गुप्ता, ब्लाक विनय दुबे, अभिनव दुबे, अभिषेक उपाध्याय, अमन शर्मा सहित स्थानीय लोग भी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

शंख घंटा ध्वनि,मंत्रोच्चार,जय घोष के साथ मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

प्रतापपुर। मां भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान खखैचा के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव का कार्यक्रम शंख घंटा ध्वनि तथा वैदिक मंत्रोच्चार, स्तुति, जय घोष के साथ पूरे धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष फूलकुमारी द्विवेदी, महामंत्री आचार्य धीरज द्विवेदी ₹याज्ञिक₹, विनय दुबे गोलू, अभिषेक उपाध्याय, नितिन मिश्र, यज्ञदत्त द्विवेदी, शिवदत्त द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, विपुल शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

एनएसयूआई प्रयागराज ने आयोजित की नवरात्रि रमजान स्पेशल टूनार्मेंट

अखंड भारत संदेस

प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई प्रयागराज ने नवरात्रि और रमजान के इस पवित्र महीने में नवरात्रि रमजान स्पेशल कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के ग्राउंड में करवाया जिसमें कई टीमों ने प्रयागराज के शानदार कबड्डी कोच अर्जुन सर व स्पोर्स्ट कोच दिनेश पाल के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया और अंतिम मैच में ईश्वर डिग्री कॉलेज योद्धा टीम ने अम्बेडकर हास्टल को 77:31 से हरा कर खिताब अपने नाम किया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि छात्रों युवाओं में पढ़ाई के साथ उनके अंदर के अन्य हुनर को बाहर लाने के लिए हमें

प्लेटफार्म देने और खिलाड़ियों को आगे बढाने में सहयोग करने की जरूरत है जो एनएसयूआई ने की और आगे करती रहेगी।कमलेश सोनकर ने कहा कि एनएसयूआई खिलाड़ियों को हर सम्भव सहयोग करेगा जिससे वह अपने को निखारे। कबड्डी कोच अर्जुन सर ने कहा कि हम बेहतर कर सकते है हमारी निर्देशन में कई प्रदेशों में हम मैच खेलते रहें सरकार व लोगों का सहयोग रहेगा तो हमारी टीम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलकर प्रयागराज व देश का मान सम्मान बढ़ाएगी। साथ ही एनएसयूआई का आभार जताया। कार्यक्रम में कमलेश सोनकर,चंद्रशेखर अधिकारी, अमित द्विवेदी, विजय सिंह, कुंदन सिंह, शुभम चौरसिया, अनिल रावत, अनिल यादव, सागर सोनकर, लाइन मैन धृति , माही, नेहा,स्कोरर :आंशी सिंह, रेफरीः नवीन, सौरभ इत्यादि लोगों ने भरपूर सहयोग किया।

जसरा व आसपास के दर्जन भर गांवो में पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

ग्रामीण पेयजल योजना के तहत तीन दशक पूर्व जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी बनी शोपीश, आपरेटर न होने के कारण जसरा जल निगम का नलकूप सप्ताह भर से पड़ा है बंद

अखंड भारत संदेश

जसरा। ग्रामीण पेयजल योजना के तहत तीन दशक पूर्व जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी अब शो पीश बनकर रह गई है। आपरेटर न होने के कारण जसरा जल निगम का नलकूप सप्ताह भर से बंद पड़ा हुआ है। पानी के लिए जसरा सहित आस पास के गांवों में हाहाकार मचा हुआ है। जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों में लोग पानी के लिए दर बदर भटक रहे हैं।बताते चलें कि तीन दशक पूर्व घर घर पानी पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा जलनिगम का निर्माण जसरा में कराया गया था। दर्जनों गांवों में पानी की सप्लाई के लिए जसरा के साथ ही खटंगिया गांव में जलनिगम बनाया गया। लेकिन आज उसी जल निगम से ग्रामीणों को पानी मिलना मुश्किल हो गया है। इधर आपरेटरों की कमी के कारण जलनिगम पूरी तरह से ठप हो गया

है। पुराने आपरेटरों के सेवा निवृत्त हो जाने के कारण अब पम्प को चलाने वाले आपरेटरों का टोंटा पड़ गया है। इसी तरह तातारगंज में बना दो जलनिगम भी आपरेटर के अभाव में बंद पड़ा हुआ है। वहीं जसरा बाजार के लोगों ने बताया कि जल निगम पर जाने पर वहां ताला लगा हुआ है। जल निगम

के नव नियुक्त जेई निरंजन शर्मा ने जलनिगमों पर आपरेटरों की नियुक्ति का आश्वासन दिया है। बता दें कि जसरा, खटंगिया, बुदांवा,रेरा, गड़रा, टिकरी तालुका कंजासा, मरुआ, दौना,भीटा,गौहनिया सहित दर्जनों गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं जसरा ब्यापार मंडल के

अध्यक्ष रामबाबू केसरवानी, प्रमोद डंडा, शिवलाल,अश्वनी केसरवानी, फिरोज अहमद,डा अरुण केसरवानी, जय प्रकाश महाजन आदि लोगों ने जसरा सहित आस पास के जलनिगमों में आपरेटरों की शीघ्रातिशीघ्र ब्यवस्था कराये जाने की मांग की है जिससे गांवों में जलापूर्ति हो सके।

खबर संक्षेप

एसआरएन अस्पताल में डॉक्टरों पर गिरा ओपीडी का छज्जा

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से संबद्ध स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को छत का छज्जा डॉक्टरों के ऊपर गिर गया। इसमें दो डॉक्टर जख्मी हो गए। इसमें मेडिसिन डिपार्टमेंट के जूनियर डॉक्टर प्रवीन प्रसाद को ज्यादा चोटें आई हैं। उन्हें स्वरूप अस्पताल की ही आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जब यह हादसा हुआ, तो ओपीडी के अंदर और बाहर बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए आए थे। हालांकि वह सभी सुरक्षित हैं। आनन-फानन में मरीजों को वहां से हटाया गया है। बंद कराई गई ओपीडी, बिना इलाज के लौटे मरीजघटना के बाद ओपीडी को बंद करा दिया गया। मरीज बिना इलाज कराए ही लौट गए। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने दैनिक भास्कर को बताया कि वह किसी काम से मीरजापुर आए थे। घटना की जानकारी हुई है। जूनियर डॉक्टर को चोट आई है, जिसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। सभी ओपीडी को चेक करने को बोल दिया है। जहां भी ऐसी स्थिति है, वहां तत्काल ठीक कराया जाएगा।

पंप पर पेट्रोल भरवाने गए युवक से कहासुनी के बाद मारी गोली

अखंड भारत संदेश

गोली लगने से घायल युवक

प्रयागराज। पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने गए युवक से कहासुनी के बाद अराजकतत्वों ने गोली मार दी जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक अपराधी ने युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। पेट्रोल भरने के दौरान आपस में कहासुनी हुई थी। इसके बाद तमंचा लेकर अपराधी ने युवक को दौड़ा लिया और गोली मारकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर हाल में उसे इलाज के लिए पहले स्?थानीय फिर जिला अस्?पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है लेकिन अभी वह पकड़ में नहीं आया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के पयासी का पूरा गांव निवासी 32 वर्षीय अनुज मिश्र सोमवार की सुबह वहीं के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने के लिए पहुंचा था। अभी वह वाहन में पेट्रोल भरवा रहा था, इसी दौरान वहां एक और युवक पहुंचा। किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो उस युवक ने अपने पास रखे तमंचा को निकाल लिया। यह देख अनुज वहां से भागा। दौड़ाकर उस युवक ने अनुज को गोली मार दी। फिर भी वह भागा तो एक और गोली मारी, जिससे लहूलुहान होकर वह गिर पड़ा। बताते हैं कि गोली मारने वाला युवक अपराधी है। वारदात को अंजाम देकर वह फरार हो गया। उधर पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों की सूचना पर वहां नवाबगंज थाने की पुलिस पहुंची। लहूलुहान हालत में अनुज मिश्र को सीएचसी कौड़िहार में ले जाया गया। गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्?पताल के लिए चिकित्?सकों ने रेफर कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बाहर निकालने का प्रयास करते पुलिसकर्मी

कुएं में गिरने से विक्षिप्त युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। फूलपुर क्षेत्र के पूरे भुलई गांव स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के पुराने कुएं में एक विक्षिप्त युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जब मंदिर की साफ सफाई कर फूल को कुएं में फेंकने गए युवक ने देखा तो युवक की लाश कुएं के पानी में तैर रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने घंटों मशक्कत कर शव को बाहर निकाला। सराय इनायत थाना अंतर्गत लोढवा गांव निवासी मोहम्मद आजम 35 जो काफी अर्से से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह पूरे भुलई स्थित सैयद शाह सिकंदर भुलई बाबा की मजार पर रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि वह गांव वालों के द्वारा दिए गए भोजन से ही अपना गुजारा करता था तथा रात होने पर मजार में ही सो जाया करता था। सोमवार सुबह हनुमान गढ़ी मंदिर के कुएं में मिली लाश से उसकी पहचान हुई तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उसके गांव भी सूचना भिजवा दी गई परंतु घर से कोई नहीं आया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव, समाजसेवी जगदेव प्रसाद चौधरी, रामनरेश आदि ने पुलिस को सूचित किया तो मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने किसी तरह शव को बाहर निकाला। बता दें कि हनुमानगढ़ी मंदिर का कुआं काफी अर्से से पानी ना होने के कारण सूखा पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत , एक घायल

अखंड भारत संदेश

एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाते स्वास्थ्यकर्मी

मेजा रोड। मेजा उरुवा ब्लाक के अंतर्गत ऊंचडीह बाजार पट्टी नाथ राय गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक पर 2 लोग सवार एक की मौके पर हुई मौत तथा मामा घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार घूघा निवासी विजय बहादुर विश्वकर्मा का पुत्र मनोज विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष बाइक से अपने मामा के घर साजी बेलवनीया कोराव गया था वापस लौटते समय जैसे ही ऊंचडीह बाजार पट्टी नाथ राय के सामने पहुंचा ऊंचडीह बाजार से उरुवा की तरफ जा रही अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर जिससे मनोज कुमार विश्वकर्मा की मौके पर ही हुई मौत साथ में रहे मामा चंदू विश्वकर्मा हुए घायल सूचना पर मेजा थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह मय फोर्स मौके पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए एक को मृत घोषित कर दिए दूसरा साथी घायल को जिला के लिए रेफर कर दिए सूचना पर घर के परिजन पहुंचते ही दहाड़ मार कर रोने लगे मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए जिला भेजा घर में पत्नी बिंदु देवी के रो रो कर बुरा हाल।

किन्नरों के विवाद में 9 पर मुकदमा

प्रयागराज। किन्नरों में आपसी विवाद में हुई मारपीट के मामले में कीडगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी नैना ने कीडगंज थाने में नेहा दिल्ली वाली, अजय चौरसिया, सुहेल खान, रानू अंसारी, परी, राहुल मुरादाबादी, रवीना, विपुल दिल्ली वाली और ज्योति के खिलाफ मारपीट, गाली देना और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को किन्नर बब्बू गुरु के निवास पर बधाई को लेकर एक चटाई बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें आसपास के सभी किन्नर मौजूद थे। इस बैठक के दौरान नेहा दिल्ली वाली के साथ पहुंचे आरोपियों ने उसे गाली दी और विरोध करने पर डंडे से दौड़ा दौड़ा कर पीटा। पिस्टल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में नैना और सनम को चोट आई थी। उस वक्त पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पीड़िता ने अफसरों से मदद की गुहार लगाई जिसके बाद कीडगंज पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

आरपीएफ नैनी ने अंतराज्यीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

आरपीएफ के गिरफ्त में गांजा तस्कर

प्रयागराज। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रे0सु0ब0, उ0म0रे0/ प्रयागराज द्वारा आपरेशन सर्तक के तहत जारी निर्देश एवं वरि0 म0 सु0 आ0/ रे0सु0ब0/ प्रयागराज महोदय के कुशल मार्गदर्शन में निरीक्षक शिव कुमार सिंह, रे0सु0ब0 पोस्ट नैनी के नेतृत्व में आपरेशन सर्तक चेकिंग अभियान ट्रेनो व स्टेशनो पर चलाया जा रहा है। चेकिग अभियान के दौरान दिनांक रविवार को रात्री में निरीक्षक शिव कुमार सिंह, सहा.उप निरी. धर्मेन्द्र मिश्रा व का0 मुकेश रजक १स्त्रा मय जी.आर.पी. मानिकपुर के साथ शंकरगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 02 पर चोकिंग के दौरान दो व्यक्तियो को शक की हालत में पाये जाने पर पूछताछ में एक व्यक्ति ने अपना नाम संजीव कुमार पुत्र रोहनी प्रसाद पाण्डेय उम्र 35 वर्ष नि. ग्राम खया उमरिया थाना सोहागी जिला रीवा (मध्य प्रदेश) बताया, जिसके पास लिए वजनी सामान के बारे में पूछने पर उसमें गॉजा होना बताया। पूछताछ के दौरान उसका साथी भागने में सफल रहा जिसका नाम धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राजवली नि.ककरहटा पोस्ट खुजरी जिला प्रयागराज है। तलाशी के दौरान इनके पास से तीन बैगो में कुल 41.10 किग्रा गॉजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 410100/- रूपया है। उक्त व्यक्तियो के विरूद्ध जी.आर.पी. मानिकपुर में मु.अ.सं. 20/2022 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कराया गया।

अभियंता काम पर लौटे पर नहीं करेंगे बिजली कनेक्शनों की जांच

प्रयागराज। बिजली विभाग के अभियंता दो दिनी कार्य बहिष्कार के बाद काम पर लौट आए। अभियंताओं ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया लेकिन घर-घर बिजली कनेक्शनों की जांच से हाथ खींच लिया है। अभियंता भाजपा के एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और अधिशासी अभियंता के विवाद में हुई क्रॉस एफआईआर से नाराज हैं। आरोप लगा रहे हैं कि एमएलसी की तरफ से जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने का अधिशासी अभियंता पर झूठा आरोप लगाया गया है एमएलसी की एफआईआर के खिलाफ अभियंता जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। इससे पहले अभियंताओं और कर्मचारियों ने एमएलसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को लेकर कार्य बहिष्कार किया था। कार्य बहिष्कार समाप्त करने के लिए एक शर्त रखी गई है। एमएलसी की एफआईआर पर पुलिस कार्रवाई करेगी तो फिर काम ठप कर दिया जाएगा।

शोभायात्रा में शामिल लोग भगवान राम का रथ

रामनवमी के अवसर पर निकली भव्य आकर्षक शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

जारी। प्रयागराज ।दिन सोमवार को श्री राम नवमी उत्सव के पर्व पर भव्य आयोजन किया गया जारी कस्बे स्थित रामलीला मैदान से शोभायात्रा जवाहर इंटर कॉलेज होते हुए करछना रोड जारी चौकी घुमाते हुए पुनः रामलीला मैदान में समापन सायंकाल को किया गया राम नवमी के पर्व पर गाजे बाजे डीजे के साथ भगवा यात्रा राम भक्तों ने निकाली । प्रमुख रूप से सुरेश चंद्र केसरवानी ,सुधाकर पांडे, विपिन गुप्ता सुधीर कुमार साहू ,सुबोध कुमार साहू, मनोज वर्मा, आशीष केसरवानी ,अनिल उ व बाबूजी केसरवानी, विकास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव ,मुरारीलाल केसरवानी ,रोहन केसरवानी आज सैकड़ों लोग शोभायात्रा में सम्मिलित रहे। वही बड़े हनुमान जी का मंदिर में दमआलू पूरी का प्रसाद वितरण किया गया। तो वही प्रशासन की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच कौंधियारा थाने की फोर्स समेत पुलिस बल मौजूद रहे।

दलित परिवार की मदद न करने पर हंडिया इंस्पेक्टर निलंबित

प्रयागराज। एक दलित युवती के गायब होने के बाद थाने पर मुकदमा न करना और विवेचना में घोर लापरवाही बरतने पर हंडिया इंस्पेक्टर केशव वर्मा को एसएसपी अजय कुमार ने सोमवार को निलंबित कर दिया। उन पर यह कार्रवाई एसपी फतेहपुर की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। फतेहपुर में तैनाती के दौरान इंस्पेक्टर केशव वर्मा ने लापरवाही की थी। इस प्रकरण में आईजी की 13 अप्रैल को हाईकोर्ट में पेशी है। इससे पूर्व फतेहपुर के दो दरोगा पहले ही निलंबत हो चुके है। महोबा में तैनात एक दरोगा पर गाज गिरी है। फतेहपुर जिले के कल्यानपुर थाना के दलाबला खेड़ा गांव की एक दलित युवती 23 फरवरी 2021 को गायब हो गई। युवती के परिजनों ने गांव के हैप्पी सिंह पर बहलाफुसलाकर सूरत ले जाने का आरोप लगाया था लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी केशव वर्मा ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। उसकी गुमशुदगी दर्जकर आरोपियों को क्लीन चिट दे दिया। पीड़ित परिवार ने हाईकोर्ट से गुहार लगाई। 24 नवंबर को कोर्ट ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई और 13 अप्रैल को आईजी को कोर्ट में तलब किया। आईजी ने कोर्ट में पेशी से पहले 10 अप्रैल को जांच करने कल्यानपुर थाना पहुंचे। लापरवाही बरतने पर सीओ बिंदकी योगेन्द्र सिंह मलिक के खिलाफ जांच शुरू हो गई। फतेहपुर में तैनात दरोगा यशकरन सिंह व संजीव कुमार को निलंबित कर दिया था। सोमवार को प्रयागराज एसएसपी ने भी हंडिया इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया।

ग्राम सचिवालय में कंप्यूटर सहित कैमरा लगने से ग्रामीणों में खुशी

अखंड भारत संदेश

सोरांव। ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं जनता के लिए पहुंचा रही है।

इसी की तर्ज पर जनता को परेशानी न हो इसके लिए सरकार की मंशा है कि हर ग्राम पंचायत भवनों पर कुटुंब रजिस्टर, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सहित और सरकारी अभिलेखों के लिए ब्लॉक और तहसील से निजात दिलाने के लिए गांव में पंचायत सहायक की नियुक्ति करके सुविधा दिला रही है। इसी को लेकर सोमवार को उसरही ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी अन्नपूर्णा शुक्ला और ग्राम प्रधान सीता देवी कुशवाहा के अथक परिश्रम से सचिवालय में लाखों की लागत से कंप्यूटर सेट इनवर्टर सहित कैमरे लगवाए गए। और गांव में मुनादी भी करवाई गई। सचिव का कहना है कि अब लोगों को ब्लॉक और तहसील का चक्कर न लगाकर अपने ही ग्राम पंचायत सचिवालय पर मौजूद पंचायत सहायक उर्मिला देवी कुशवाहा को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराएं। जिससे कि समय से ग्रामीणों को हर योजनाओं का लाभ मिल सके। जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की तथा ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है। इस मौके पर प्रधान पति अवधेश कुमार कुशवाहा पंचायत सहायक उर्मिला देवी कुशवाहा रोजगार सेवक दीपक यादव सफाई कर्मी गौरी शंकर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

दर्जनभर विद्युत उपभोक्ताओं पर एफआईआर

विजिलेंस टीम का छापा : यमुनापार के शिवराजपुर और शंकरगढ़ क्षेत्र में चलाया गया अभियान, दिनभर रही अफरातफरी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने सोमवार को यमुनापार के शिवराजपुर और शंकरगढ़ में ताबड़तोड़ अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की गई। जिसमें दर्जनभर उपभोक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया। विद्युत विभाग ने उपभोकताओं से कहा है कि वह मीटर लगवाने, लोड बढ़वाने और बिल संबंधी सभी प्रकार की समस्याओं के लिए उपकेंद्र कार्यालय पर संपर्क कर समस्याओं का तत्काल समाधान करवाएं।

विजिलेंस प्रभारी महेंद्र सिंह, जेई आनंद पांडेय, एक्सईएन वीके सिंह, रींवा रोड एसडीओ सुनील कुमार, शंकरगढ़ के अवर अभियंता पंकज मौर्य, टीजी-2 विनोद, मनोज सिंह, मीटर रीडर में दीपू मिश्र, दीपांकर के साथ टीम ने पूर्वाह्न 11.30 बजे से दूसरे पहर तक जमकर छापेमारी की। शंकरगढ़ और शिवराजपुर में विजिलेंस के छापे की जानकारी मिलते ही हड़कंप मचा रहा। अवर अभियंता पंकज मौर्य ने बताया कि शिवराजपुर और शंकरगढ़ में विजिलेंस की टीम ने छापेमारी की है। इस दौरान कई जगह मीटर नहीं मिला। इसके अलावा बाईपास केबल का प्रकरण भी सामने आया। इस दौरान शिवराजपुर में नौ उपभोक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। जबकि शंकरगढ़ कस्बे में भी तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई। शंकरगढ़ में छापे के दौरान व्यापारियों के अनुरोध पर विद्युत विभाग की टीम ने एक सप्ताह का समय दिया है, और कहा कि व्यापारी अपनी समस्याएं दुरुस्त करवा लें। इसके बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अवर अभियंता पंकज मौर्य ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को लोड बढ़वाना हो, मीटर लगवाना हो, विद्युत बिल में सुधार करवाना हो, वह पावर हाउस में प्रार्थनापत्र देकर समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस दौरान पूरे क्षेत्र में हड़कं प की स्थित बनी रही। वही कुछ व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में व्यापारियों द्वारा समय पर विद्युत बिल भुगतान करने के बावजूद सिर्फ बाजार में ही चेकिंग की जाती है और लोगों को परेशान किया जाता है।

मेडरा स्कूल के छात्रों द्वारा निकाली जा रही प्रभात फेरी

सर्वशिक्षा अभियान : मेडरा स्कूल के छात्रों नें निकाली प्रभात फेरी

अखंड भारत संदेस

करछना। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत मेडरा मे ग्राम प्रधान श्रीमती रजवंन्ता देवी की अध्यक्षता मे प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मेडरा के बच्चे एवं अध्यापकगण का सर्व शिक्षा अभियान एवं स्कूल चले अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा मे प्रभात फेरी करके अभिभावको को अवगत एवं बच्चो को स्कूल भेजनें के लिए निवेदन किया गया मेडराः पूर्व माध्यमिक की प्रधानाचार्य श्रीमती वंदना श्रीवास्तव ,संकुल अजय सिंह प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र तिवारी अनुदेशक- विजय राज एवं समस्त सहायक अध्यापकगण मेडराः ग्राम रोजगार सेवक- शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित बडी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ तथा स्कूल के शिक्षक शामिल रहे।

स्वर्ण जयंती के रुप में मनेगी व्यापार मण्डल का 50वीं वर्षगांठः कंछल

प्रतापगढ़ आगमन पर व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के रा./प्रां. अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का व्यापारियों ने जनपद आगमन पर सुखपाल नगर मोड़ पर स्वागत किया। इस दौरान बाबागंज स्थित राहुल केसरवानी के प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में कंछल ने व्यापार मंडल गठन के 50वीं वर्षगांठ 2023 में पूर्ण होने पर उसे स्वर्ण-जयंती के रूप में वृहद रूप से मनाने के रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सन 1973 में लाला विशंभर लाल व हरीश चंद्र गुप्ता ने व्यापारियों पर शासन व प्रशासन द्वारा निरंतर हो रहे उत्पीड़न से दुरूखी व द्रवित होकर व्यापार मंडल की स्थापना लखनऊ में की। उन्होंने बताया कि व्यापार मण्डल के माध्यम से उन्होंने वाणिज्य कर एवं आयकर विभाग के जटिल नियमों का विरोध और व्यापारियों को होने वाली समस्याओं का अवलोकन सरकार को कराकर, सरलीकरण कराकर देश के समस्त व्यापारियों को राहत दिलाई। उन्होंने कहा कि किसी व्यापारी के प्रतिष्ठान पर आग लग जाने पर 10 लाख का अनुदान व्यापारी को दिये जाने की मांग जारी है। इस दौरान तीन व्यवसाई विनय सिंह उर्फ भोला (भट्ठा व्यवसाई, सभासद व योजना आयोग समिति सदस्य), दीपक केसरवानी उर्फ दीपू, स्वप्निल जायसवाल को प्रतापगढ़ व्यापार मंडल कि सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ संरक्षक मुरलीधर केसरवानी, प्रां. उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, अभय खंडेलवाल, महामंत्री संजय सोनी कृष्ण मोहन केसरवानी, श्याम लाल जायसवाल, राहुल केसरवानी, अश्वनी केसरवानी, इन्द्रदेव तिवारी, ज्ञान प्रकाश केसरवानी, परितोष शुक्ला, सुरेश चंद केसरवानी, राहुल गुप्ता, अमित केसरवानी, प्रवीण केसरवानी, लालचंद विश्वकर्मा, विष्णु सिंह, अजय तिवारी, अनुराग सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, सरदार कुलविंदर सिंह, सरदार वसिंदर सिंह, सुनील जायसवाल, अख़्तर राइन, प्रदीप यादव आदि अन्य अनेक पदाधिकारी व व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

बाबागंज स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में बोलते प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल।

ज्योतिबा राव फूले की जयंती समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अजीत नगर प्रतापगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र क्रांति के उन्नायक युगद्दष्टा ज्योतिबा राव फूले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ ज्योतिबा राव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण करके किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि ज्योतिबा राव फूले एक युग द्दष्टा थे। उन्होंने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास एवं संघर्ष किया। अपनी पत्नी को पढ़ाकर भारत की पहली शिक्षिका बनाने में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि ज्योतिबा राव फूले गरीबों के मसीहा एवं अन्याय धुरविरोधी थे। ज्योतिबा राव सदैव शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने के पक्षधर रहे। इस अवसर पर प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, राधेश्याम दीवाना, सिद्धांत शेखर, अक्षांश, विवेक आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

जयंती समारोह में बोलते डा0 दयाराम मौर्य रत्न।

सीनियर जिला स्तरीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 48वी सीनियर जिला स्तरीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया गया जिसमें एमडीपीजी कॉलेज ने बिहार गंज स्पोर्टिंग क्लब को एकतरफा मुकाबले में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच पीबीपीजी कॉलेज सिटी प्रतापगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें कांटे की टक्कर में पीबीपीजी कॉलेज मे ने एमडी पीजी कॉलेज को परास्त कर जिला स्तरीय महिला चैंपियनशिप पर अपना कब्जा किया चयनित खिलाड़ी 15 से 17 अप्रैल तक मथुरा में होने वाले सीनियर स्टेट महिला कबड्डी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी टीम 14 अप्रैल को मथुरा के लिए प्रस्थान करेगी

घर में घुसकर मारपीट का आरोप, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली के अनिरूद्ध निवासी श्यामशंकर की पत्नी रीता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दस अप्रैल को उसके पडोस के धराधर तिवारी की पत्नी कमलेश कुमारी व उसके पुत्र शशिकांत एवं सूर्यकांत ने भूमिधरी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। आरोपियो ने पीड़िता की बैरीकेटिंग तोड दी। विरोध करने पर आरोपी गाली देने लगे। इस बीच पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया। तहरीर मे आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद आरोपियो ने पीड़िता के घर मे घुसकर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस का कहना है कि शिकायत की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बकरी चराने गए किशोर की तालाब में डूबकर मौत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के शिव सहाय लाला का पुरवा जनवामऊ गाव में विवेक पुत्र कमलेश सरोज (8) वर्षीय रविवार को घर की बकरी चराने गांव के बच्चों के संग गया हुआ था जो नहाने के लिए तालाब की तरफ गया जो तालाब के गहरे पानी मे चला गया और बाहर नही निकल सका। साथ मे अन्य नहा रहे बच्चों ने दौड़कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने पर आस पास के लोग दौड़ पड़े, जिसे पानी के बाहर निकाला और स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौप दिया।

जीवन में वास्तविक आनंद के लिये हंसना जरुरीः ओ0पी गुप्ता

छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये ऐसे कार्यक्रम होते हैं लाभकारीः राजा अनिल

प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे हुआ हास्य उत्सव का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़ सिटी के सभागार में हास्य उत्सव का कार्यक्रम विश्व हास्य महासंघ के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक राजा अनिल प्रताप सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि के रुप हास्य क्रिया योग के मुख्य प्रशिक्षक ओ0पी0 गुप्ता पूर्व आयकर आयुक्त ने कहा कि आज के इस आधुनिक भाग दौड़ के जीवन में मानव निराशा एवं तनावग्रस्त पूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में वास्तविक आनन्द एवं शान्ति प्राप्त करना चाहता है जो व्यक्ति के अन्दर ही सन्निहित है जिसे हास्य क्रिया योग द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। डॉ0 गुप्ता ने हास्य क्रिया योग विधि से सभी छात्र/छात्राओं को बहुत ही हँसाया। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रंबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि छात्र/छात्राओं के सवार्गीण विकास हेतु इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होना बहुत ही लाभकारी है आज विश्व के अधिकांश देश अशान्ति के दौर से गुजर रहे हैं, जिसमें सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के सूत्र से ही पूरे विश्व को शांन्ति की कड़ी के रुप में पिरोया जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा डॉ0 बृजभानु सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हास्य क्रिया योग एक ऐसी विधि है जिससे हम तनाव मुक्त एवं आनन्दपूर्ण जीवन यापन कर सकते है कार्यक्रम का संचालन डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ0 उपेन्द्र कुमार सिंह, डॉ0 नीरज त्रिपाठी, श्री प्रणव ओझा, डॉ0 कुलदीप सिंह, डॉ0 देवेश सिंह, डॉ0 अखिलेश मोदनवाल, डॉ0 राकेश सिंह, अजीत कुमार सिंह, डॉ0 बृजेश सिंह, डॉ0एस0 पी0 सिंह, डॉ0 भूपाल सिंह, डॉ0 सुनीत सिंह, अवनीश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, जितेन्द्र कुमार सैनी, सहदेव सिंह, बालेन्दु भूषण सिंह एवं तकनीकी सहायक के रुप में संकल्प कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

पीबीपीजी कालेज में आयोजित हास्य उत्सव कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

तीन आरोपियों के खिलाफ धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गालीगलौज तथा धमकी को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के समापुर निवासी सजन लाल पुत्र रामसमुझ ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती नौ अप्रैल को दिन मे गांव के अरूण तथा उर्मिला पत्नी बृजलाल व रानी पत्नी अरूण ने अरहर की फसल की कटाई को लेकर विवाद खडा किया। आरोपियो ने पीड़ित को लाठी डंडे से मारने पीटने की धमकी देते हुए दौडा लिया। शोर मचाने पर आरोपी गाली देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पत्रकार उत्पीड़न के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

अखंड भारत संदेश

कानपुर। लगातार पत्रकारों के साथ हो रहे प्रशासनिक उत्पीड़न के विरोध मे आल इडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन/आईरा प्रेस क्लब के तत्वावधान मे जिलाधिकारी कानपुर नगर को ज्ञापन सौंपा गया। देश के चौथे स्तम्भ पर लगातार फर्जी मुकदमे,उत्पीड़न, पत्रकारों पर अत्याचार व हमले को लेकर पत्रकारों के सगंठन आल इडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन/आईरा प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष एस पी विनायक की अध्यक्षता मे जिलाधिकारी कानपुर नगर के माध्यम से उत्तरप्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपां गया। सगंठन के जिलाध्यक्ष एस पी विनायक ने कहा कि हमारा सगंठन लगातार पत्रकारों के हित के लिये कार्य करता आ रहा है बीते दिनो बलिया मे अफसरों की मिलीभगत से यूपी बोर्ड परीक्षा का संस्कृत और अंग्रेजी का पेपर लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इस घटनाक्रम की जानकारी जिन पत्रकार साथियों ने खबरों के माध्यम से जिला प्रशासन को दी थी उन तीन पत्रकारों को जिला प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमे मे फंसा कर जेल भेज दिया गया था, जबकि पेपर लीक के मामले मे एसटीएफ द्वारा जिनकी गिरफ्तारी की गयी उनसे किसी का सबंध पत्रकारों से सिद्ध नही हो पाया है।

आईरा प्रेस क्लब ने माननीय मुख्यमंत्री जी व राज्यपाल महोदय से यह भी मांग की है कि पत्रकारों सम्बन्धी मामले में पहले उच्च स्तरीय कमेटी बना कर जाँच कराई जाए आरोप सिद्ध होने पर ही कार्यवाही की जाऐ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम उत्पीड़न की घटनाओं की हमारा सगंठन निंदा करता है यदि ऐसे ही अगर पत्रकारों पर उत्पीड़न होता रहा तो हमारा संगठन पत्रकारों के हित के लिए आंदोलन करेगा। इस दौरान राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी मयंक सैनी, जिलाध्यक्ष एस पी विनायक, जिला महामंत्री दिग्विजय सिंह, जिला प्रशासन मंत्री शानू खांन, जिला कार्यकारिणी सदस्य विपिन गुप्ता, जिला कार्यकारिणी अमित कौशल, रॉबिन गुप्ता, मंडल मीडिया प्रभारी अमित कश्यप, अमित शुक्ला, फैसल, अमित कुशवाहा, सराफत, मोहम्मद शोएब ,सुनील कुमार, आदि पत्रकार मौजूद रहे।

पत्रकार उत्पीड़न के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन देते प्रेस के पदाधिकारिगण।

लुधियाना से युवती हुई बरामद, पूछताछ मे जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पांच वर्ष पूर्व घर से गायब युवती को लुधियाना से बरामद करने मे सफलता ली है। हालांकि युवती ने प्रेमी के साथ शादी कर ली तथा इस बीच उसके तीन माह की बेटी भी है। संगियापुर निवासी कल्लन ने दी गई तहरीर मे बीते 2017 मे अपनी बेटी सूफिया के गायब होने की बात कही थी। पुलिस ने सकसुबह के आधार पर युवती की सहेली नीतू तथा तीन अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान सूचना मिलने पर कोतवाली के दरोगा योगेन्द्र सिंह व महिला हेल्प डेस्क की नेहा मिश्रा लुधियाना पहुंचे। वहां सर्विलांस लोकेशन के आधार पर सूफिया को बरामद किया। पुलिस को यह जानकारी मिली कि सूफिया ने रांग काल पर बिहार के रहने वाले मुकेश के साथ प्रेम सम्बन्धों मे जुड़ गयी थी। सूफिया ने मुकेश से विवाह भी कर लिया। इस बीच उसके तीन माह की बेटी भी है। पुलिस ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

पट्टी में कोटेदार की मनमानी पर बिफरे ग्रामीण

उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर दिया शिकायती पत्र

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। वैसे तो सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि को बढ़ाकर सितंबर माह तक कर दिया है, जिसके तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन देने की सरकार की योजना है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदार की मनमानी और राशन देने में अनियमितता के कारण ग्रामीणों में असंतोष दिखाई दे रहा है। मामला पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड पट्टी के ठनेपुर गोपापुर गांव का है, जंहा से लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीण महिलाएं और पुरुष पट्टी उप जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और कोटेदार के खिलाफ शिकायती पत्र दिया।

ग्रामीणों ने कोटेदार पर आरोप लगाया कि राशन कार्ड धारकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। राशन के लिए बार-बार दौड़ा कर उन्हें परेशान किया जाता है। जब से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरित किया जा रहा है प्रति यूनिट सिर्फ 4 किलो ही राशन दिया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा 5 किलो प्रति यूनिट राशन वितरण का प्रावधान किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्च महीने में अंगूठा लगवा दिया गया लेकिन राशन नहीं दिया गया चना और तेल तो किसी को भी नहीं दिया जाता है इसके पहले ग्रामीण कई बार जिलाधिकारी को भी शिकायती पत्र दे चुके हैं। शिकायत करने पहुंची ममता देवी, अंजू, केवला, सरला, रेखा देवी, सुनीता देवी, उर्मिला, रामकली, विजयलक्ष्मी ,सुनीता पटेल के साथ शोभा देवी, रीता, पद्मावती सुनील कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार सहित कई ग्रामीण कोटेदार के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है।

परीक्षार्थी का इंतजार करते सह केन्द व्यवस्थापक।

परीक्षा केंद्र में एक परीक्षार्थी के ऊपर 15 सह केन्द्र व्यवस्थापक

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। यू0पी0 हाई स्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा में सोमवार को जनता इंटर कालेज आलापुर प्रतापगढ़ में हाई स्कूल की प्रथम पाली उर्दू विषय की परीक्षा में सिर्फ एक परीक्षार्थी पंजीकृत था। परीक्षा केंद्र के सह ब्यवस्थापक की 15 लोगो की टीम सुबह साढ़े सात बजे से आठ बजकर पैंतालीस मिनट तक परीक्षार्थी का इंतजार करते रहे, लेकिन परीक्षार्थी नहीं आया। परीक्षा का समय समाप्त होने पर केंद्र व्यवस्थापक ने 9 बजकर पैंतालीस मिनट पर परीक्षार्थी को अनुपस्थित मान लिया। एक परीक्षार्थी के लिए परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित 15 स्टाफ लगे रहे।

महाप्रसाद में उमड़ी भीड़, लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनकल्याण के लिए करनपुर सेनानी नगर में आयोजित सुंदरकांड पाठ के आयोजन और महाप्रसाद में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्ति के जयकारे की गूंज मोहल्ले में रही। महाप्रसाद लेने वालों की भीड़ देर शाम तक लगी रही। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री के संयोजन में रामनवमी के दिन सेनानी नगर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ।

जिसमें अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों के अलावा शहर के नामचीन लोग भी शामिल हुए। राकेश शर्मा रामायनी की भजन मंडली के भजन और आरती की भक्तिधार में श्रद्धालु गोते लगाते रहे। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अनिल गुप्ता, ज्योतिस्ना खत्री, सप्रू, सतीश, प्रदीप, शशांक, मोहक खत्री समेत काफी संख्या में श्रद्धालु महाप्रसाद वितरण में मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ में पूजन-अचर्न करते चिकित्सक डा0 मनोज खत्री।

जमीनी विवाद में युवक को आरोपियों ने पीटकर किया जख्मी

अदालत के आदेश की अवहेलना कर रहे आरोपी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। आबादी की जमीन को लेकर आधा दर्जन पड़ोसियों ने एक राय होकर महुआ बिनने गए पड़ोसी को जमकर मारा पीटा।

शोर शराबा मचाने पर तथा डायल 112 फोन करने पर किसी तरह पीड़ित की जान बच सकी। इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सिसौरा गांव का रहने वाला राम फकीर पुत्र सुखव्वर सोमवार को पट्टी कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। उसने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उसने बताया कि उक्त जमीन पर पुश्तों से काबिज है, लेकिन पड़ोसी लोग उस पर अपनी नजर गड़ाए हुए हैं, इसलिए मारपीट हमेशा करते रहते हैं।

इसके संबंध में प्रतापगढ़ सिविल कोर्ट में पीड़ित के पक्ष में आदेश भी आ चुका है। उसके बावजूद भी कब्जा करने की नियत से मारपीट करते हैं। रविवार को जब वह महुआ करने के लिए गया तो आधा दर्जन लोग उस पर हमलावर हो गया और लाठी डंडा से पीटकर जख्मी कर दिया। पुलिस के आने पर उसकी जान बच सकी। पीड़ित ने इस संबंध में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

आरोपियों ने महिला को पीटा, मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। बच्चों से मामूली कहासुनी और विवाद पर पड़ोसी आरोपी एकजुट होकर महिला को लाठी-डंडे से जमकर मारा पीटा । पीड़ित महिला ने जब इसकी शिकायत पुलिस से की है तो महिला कोई सुनवाई नहीं हुई। सोमवार को महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और क्षेत्राधिकारी से तथा मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत नचरौला गांव की रहने वाली पुष्पा यादव पत्नी रामजस यादव सोमवार को पट्टी मुख्यालय पहुंची। शिकायती पत्र उसने मुख्यमंत्री के नाम लिखा था, जिसमें उसने आरोप लगाया कि रविवार की दोपहर उसके जेठ तथा उनकी पत्नी और बेटियों ने उसे जमकर मारा पीटा गालियां दी और घर में घुसकर मारपीट किया। पीड़ित महिला ने इसकी तहरीर आसपुर देवसरा थाने में दिया लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित महिला का कहना है कि इससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। पीड़ित महिला ने आशंका जताई है कि उसके साथ कभी भी कोई गंभीर घटना हो सकती है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी तथा मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर पीड़ित महिला ने इंसाफ की गुहार लगाई है।

खबर संक्षेप

दो वारण्टी अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त सूर्यबली कोरी पुत्र सुन्दर लाल निवासी सैवलपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र सुरेश धोबी निवासी मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

पत्रकार की माता का निधन

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा कस्बे के रहने वाले पत्रकार रमेश सिंह की माता जी उर्मिला कुंवर का सोमवार की शाम को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पत्रकार की माता के निधन पर पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है और कहा है कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

लखनऊ नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बरामद किया 50 किलो गांजा

गांजा बरामदगी में वाहवाही लूटने में लगी है कौशाम्बी पुलिस

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। गांजा के धंधे में कौशांबी का नाम अंतरप्रांतीय जनपदों में शामिल हो चुका है जिले में गांजा के बड़े कारोबारी हैं पूरे वर्ष यहां पर गांजे का कारोबार होता है लेकिन जिले की पुलिस गांजा बरामदगी के नाम पर ऊंट के मुंह पर जीरे की कार्यवाही कर हमेशा अपनी पीठ थपथपाती है बीते दिनों मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का गांजा तस्कर मध्यप्रदेश में कई कुंटल गांजा के साथ पकड़ा जा चुका है बीते दिनों चित्रकूट की पुलिस ने बसुहार गांव से 60 किलो गांजा बरामद कर कौशांबी पुलिस की कार्यवाही पर सवाल खड़ा किया था सोमवार की सुबह फिर लखनऊ के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने कौशांबी से 50 किलो से अधिक गांजा बरामद कर फिर कौशांबी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़ा कर दिया है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लखनऊ की टीम के सदस्यों द्वारा कौशांबी से 50 किलो गांजा बरामदगी के बाद इस बरामदगी का श्रेय कौशांबी पुलिस लेना चाहती है।

जानकारी के मुताबिक अंतर राज्य स्तर पर मादक तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यों के कारनामे की जानकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को मिली जिस पर उन्होंने कौशांबी जिले के महेवा घाट थाना क्षेत्र में घेराबंदी शुरू की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने महेवाघाट थाना पुलिस और स्थानीय एसओजी टीम से सहयोग मांगा लखनऊ टीम के साथ कौशांबी पुलिस भी लगी रही और 4 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 किलो गांजा की बरामदगी लखनऊ टीम ने की है जिसकी कीमत 5 लाख रुपए बताई जाती है पकड़े गए अभियुक्तों में राज कुमार सरोज रतन पटेल हबीब अहमद और विकास सिंह शामिल हैं आरोपियों के कब्जे से गांजा तस्करी में लगी एक स्कार्पियो वाहन भी पुलिस ने बरामद किया है।

गांजा बरामद की जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े अभियुक्त

आबकारी के मुंह पर जोरदार तमाचा

कौशाम्बी। लगातार कौशांबी में गांजा बिक्री के मामले के खुलासे बरामदगी के मामले में अन्य क्षेत्र की पुलिस और अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खुलासा किया जा रहा है लेकिन कौशांबी जिले के आबकारी अधिकारी और निरीक्षक गांजा बिक्री के नाम पर इनकार करते हैं जबकि हकीकत कुछ और होती है आबकारी अधिकारी गांजा की बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं तो इस विभाग का बने रहने का क्या औचित्य है नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कौशांबी से 50 किलो गांजा बरामद कर आबकारी विभाग के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा है।

न्यूज झरोखा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन चरित्र अनुकरणीय : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान में पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी के निज निवास उदहिन बुजुर्ग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी की जयंती रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तमाम भक्तजनों ने भगवान राम नाम स्मरण कर उनके जयकारे लगाए। इसके पूर्व अजय सोनी ने भगवान राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं अक्षत रोली चावल और पुष्प अर्पित कर धूप दीप से आरती की। साथ ही लड्डू और फल चढ़ाकर भोग लगाया। इसी के साथ सभी भक्तजन एक साथ खड़े होकर भगवान राम की आरती उतारी और भगवान राम के जयकारे लगाए और भगवान का प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर तमाम भक्तजनों को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जीवन चरित्र हम सबके लिए अनुकरणीय है। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मार्ग पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारा कायम रखना चाहिए। आगे कहा कि भगवान राम संपूर्ण मानवजाति एवं लोककल्याण के लिए एक सामाजिक मर्यादा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस अवसर पर अरुण द्विवेदी, नरेंद्र दुबे, श्रीकृष्ण केसरवानी, राहुल केसरवानी, हिमांशु केसरवानी, अभिषेक मौर्य, मनीष दुबे, अंश सोनी, उस्मान अली आदि मौजूद रहे।

बैंको की चेकिंग कर दिया सुरक्षा का आश्वासन

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में जिले की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी सिराथू, थाना सैनी थाना कोखराज थाना महेवाघाट थाना सराय अकील थाना मंझनपुर थाना पश्चिम शरीरा थाना कड़ाधाम आदि पुलिस कर्मियों ने अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों की चेकिंग की व बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया साथ ही वहां पर उपस्थित उपभोगताओं को लेनदेन को सतर्कता के साथ करने को कहा गया इस दौरान बैंको के आस पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की गई व वाहनों की चेकिंग की गई।

गेहूं के खेत में लगी आग कई बीघा गेहूं जलकर राख

कौशाम्बी। महेवा घाट थाना अंतर्गत शाहपुर गांव में सोमवार दोपहर 2:00 बजे अचानक विद्युत शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं के खेत में आग लग गई जब तक गांव के लोग गेहूं के खेत में लगी आग पर काबू पाते तब तक कई बीघा गेहूं जलकर राख हो गया गांव के ही धनंजय सिंह का एक बीघा सौरभ सिंह का 7 बीघा शत्रुघ्न चौधरी का एक बीघा भानु कोरी का 10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई आग लगने की जैसे ही सूचना ग्रामीणों को पता चली तो काफी ग्रामीण इकट्ठा होकर किसी तरह घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया खबर लिखे जाने तक मौके पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे है

पूर्णाहुति के साथ नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों की रही भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

पश्चिम शरीरा कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पूरब शरीरा स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ झारखंडी माता के मंदिर में नवरात्रि के अंतिम दिन यज्ञ के साथ पूर्णाहुति भक्तों ने किया है चैत्र नवरात्रि के पूरे 9 दिन झारखंडी माता के मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए महिला पुरुषों की भारी भीड़ लगातार लगी रही नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को झारखंडी माता के मंदिर में सुबह से ही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लग गई भक्तों ने आरती पूजन पाठ करने के बाद हवन यज्ञ किया है हवन यज्ञ में भी हजारों महिला पुरुष भक्तों ने आहुतियां देकर विश्व के कल्याण की कामना की। नगर पंचायत पश्चिम सरीरा के पूरब शरीरा स्थित अति प्राचीन झारखंडी माता के मंदिर प्रांगण में सुबह से ही महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ लगी रही मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भंडारा किया गया और प्रसाद वितरण हुआ नवरात्र में 9 दिनों तक घर-घर भक्तों ने कलश स्थापित का देवी मां की बिधि विधान से पूजा की है नव दिन व्रत रहने वाले भक्तों ने अंतिम दिन पूजा अर्चन के बाद अन्न जल ग्रहण कर व्रत का पारायण किया है चैत्र रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम की पूजा अर्चना भी भक्तों ने घर-घर किया है मंदिरों में भी भगवान श्री राम की आरती पूजा कर प्रभु श्री राम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया है चैत्र रामनवमी के अवसर पर पूरे जिले में जश्न का माहौल रहा मंदिर सजाई गई और घर-घर प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाया गया इस अवसर पर भक्तों ने प्रभु श्री राम के नाम पर उपवास रखा और उनकी पूजा आरती का जगत के कल्याण की कामना की इस मौके पर झारखंडी माता मंदिर समिति के प्रबंधक अवनीश द्विवेदी राम पांडेय राघव पांडेय शिव शंकर मिश्रा राजू पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 03 थाना सराय अकिल से 06 थाना पिपरी से 05 थाना कोखराज से 02 थाना सैनी से 01 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01 कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

गोदनामा कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग

कौशाम्बी। मुजरिम रहे व्यक्ति के घर में हुए कार्यक्रम में दबंगों ने जमकर हर्ष फायरिंग की हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है 10 अप्रैल को सैनी कोतवाली के ग्राम सभा भैरायें गांव में कार्यक्रम का वीडियो बताया जा रहा है।

गांजा के साथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त साहिल अली उर्फ गुड्डू पुत्र तूफान अली निवासी नयापुरवा रहीमपुर मुलानी थाना करारी को जाफरपुर महाबा से दानपुर रोड़ से गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गाजा बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

बालिका वर्ग में कानपुर और बालक वर्ग में शाहजहांपुर का रहा दबदबा

प्रदेश स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में व-18 प्रदेश स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन टी.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल मे प्रदेश स्तरीय अंडर-18 प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अप्रैल तक किया जा रहा है आज फाईनल परिणाम निम्न वत है। बालिका वर्ग व18 में पहला स्थान कानपुर की तन्या वर्मा दूसरा स्थान झांसी की पूर्वी तीसरा स्थान प्रयागराज की संचिता यादव चौथा स्थान कानपुर की साक्षी वर्मा पांचवां स्थान झांसी की कर्निका साहू छठे स्थान वाराणसी की सम्भवी गुजराती सातवा स्थान प्रयागराज की आरोही यादव आठवा स्थान कानपुर की अनुष्का गुप्ता नौवा स्थान कौशांबी की रितिका तिवारी ने हासिल किया। बालक वर्ग में पहला स्थान शाहजहांपुर के आयुश सक्सेना दूसरा स्थान कानपुर श्रेष्ठ यादव तीसरा स्थान मेरठ उज्वल चौहान चौथा स्थान मेरठ के गोपाल कृष्ण महेश्वरी, पांचवां स्थान प्रयागराज के शशांक तिवारी, छठा स्थान प्रयागराज के अनिकेत श्रीवास्तव ने हासिल किया पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक अनुपम शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार वितरण समारोह में विचार के राहुल सिंह शतरंज संघ के सचिव राघवेन्द्र शुक्ल चीफ आर्बिटर मुख्य निर्णायक झांसी के दीपक विश्वकर्मा स्वाधा द्विवेदी, सैय्यद नौशीन, इन्द्र श्याम, साहिल यादव,नीरज चोपड़ा,गगन, पुष्पराज आदि लोग मौजूद रहे।

कन्या भोज के दौरान दबंगों ने बच्चियों को पीटा

ब्राह्मण समाज के प्रदेश प्रभारी की अगुवाई में एडिशनल एसपी से मिला पीड़ित परिवार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। कन्या भोज के दौरान दबंगों ने घर के अंदर घुस कर मारपीट किया जिसके चलते घटनास्थल पर कोहराम मच गया मामले को पुलिस ने भी दबंगों का साथ दिया तो जिले में इस बात को लेकर ब्राह्मण समाज के आक्रोश फैल गया। सोमवार को ब्राह्मण समाज के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल अपर पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी मंझनपुर को जांच सौंप दी है। पीड़ित रविकांत की पत्नी आराधना मिश्रा ने शिकायती पत्र देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक को बताया कि रविवार को दोपहर लगभग 2 बजे जब वह अपने घर में कन्या भोज करा रही थी। तभी गांव के ही दबंग अपने 7-8 साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। और मारपीट करने लगा इस दौरान दबंगों ने छोटी-छोटी बच्चियों को भी नहीं छोड़ा और मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में जब पीड़ितों ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस से इसकी शिकायत किया तो पुलिस ने उल्टे पीड़ितों को ही डांट कर भगा दिया। जिसके चलते सोमवार को ब्राह्मण समाज के प्रदेश प्रभारी सोम प्रकाश मिश्रा की अगुवाई में अपर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

कन्या भोज के दौरान मारपीट के मामले में एडिशनल एसपी को ज्ञापन देते सोम प्रकाश मिश्रा

कन्या भोज के बहाने मकान कब्जा करने की मंशा बनी विवाद का कारण

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा पश्चिम गांव में नवरात्र के अंतिम दिन कन्या भोज के दौरान विवाद के पीछे जमीन पर कब्जा करने की साजिश की बू आ रही है आराधना मिश्रा जिस मकान में कन्या भोज आयोजित कर रही हैं उस जमीन पर पूर्व से उनका विवाद चल रहा है और उस जमीन पर उनका कब्जा नहीं है मामले की पूरी जानकारी थाना पुलिस को पहले से है जिसके चलते थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया था जमीन पर कब्जा न मिलने के बाद आराधना मिश्रा ने विवादित भूमि मकान पर कन्या भोज का आयोजन कर जमीन मकान पर कब्जा करने की रणनीति बनाई अचानक अपने कब्जे से जमीन निकल जाने की उम्मीद से विरोधी बौखला गए और उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों के साथ मारपीट की। पूरे मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस को मामले में तत्काल कार्रवाई के आदेश जारी किए।

कौशाम्बी में 45 रुपये अदा करें सदका फितर-काजी-ए-शहर

कौशाम्बी। काजी ए शहर कौशाम्बी एवं वरिष्ठ इस्लामी धर्मगुरु हजरत मुफ्ती खुशनूद आलम एहसानी ने बताया की सदका ए फितर हर आजाद (स्वतंत्र) मुसलमान मालिके निसाब पर जिसकी निसाब हाजते असलिया(आवश्यक जरूरतों) से मुक्त हो उसपर वाजिब(जरूरी) है। इसमें आकिल (समझदार),बालिग और माल नामी(उत्पादक सम्पत्ति) शर्त नहीं है नाबालिग और मजनून (पागल) अगर मालिके निसाब हैं तो उनपर भी सदका फितर अदा करना अनिवार्य है उनका वली(अभिभावक) उनके माल से अदा करे जैसा कि इस्लामी धर्मशास्त्र की प्रसिद्ध किताब दुर्रे मुख्तार कितावुज जकात अध्याय बाबो सदकतिल फितर भाग 3 पृष्ठ संख्या 365 पर लिखा है। शहर काजी ने बताया कि सदका फितर गेंहू से अदा करना चाहें तो 2 किलो 45 ग्राम गेहूं और अगर कीमत अदा करना चाहें तो इस साल कौशाम्बी में 45 रुपये प्रत व्यक्ति अदा करें। किताबों में आया है कि कीमत अदा करना ज्यादा अफजल(बेहतर) है। सदका फितर कब अदा करना चाहिए इसके बारे में शहर काजी कौशाम्बी ने बताया कि सदका ए फितर नमाजे ईद से पहले अदा कर देना चाहिए यही सुन्नत है क्योंकि ईद के दिन सुबह सादिक होते ही सदका फितर वाजिब (देना अनिवार्य) हो जाता है जैसा कि इस्लामी धर्मशास्त्र फतावा हिंदिया कितावुज जकात भाग 1 पृष्ठ संख्या 192 पर लिखा है।

बीच सड़क पर रास्ता जाम कर आधी रात को हमला कर युवक को लूटा

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। आधी रात को घर लौट रहे दीपू शुक्ला के ऊपर हमला करने के बाद उनके चार पहिया वाहन को तोड़ दिया गया मामले को लेकर दीपू शुक्ला ने मुकदमा दर्ज कराए जाने की कोशिश की लेकिन थाना पुलिस अपनी आदत के अनुसार मुकदमा दर्ज करने से इंकार करती रही जिस पर दीपू शुक्ला ने अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद का सहयोग मांगा जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे भीड़ बढ़ती देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मोहदीन पुर निवासी दीपू शुक्ला अपने एक अन्य साथी के साथ 10 अप्रैल की रात 10.30 बजे प्रयागराज से वापस अपने घर लौट रहे थे जैसे ही वह जाठी गांव के पास पहुंचे आधा दर्जन लोगों ने बीच सड़क पर अपना वाहन खड़ा कर दिया जैसे ही दीपू शुक्ला मौके पर पहुंचे रास्ता अवरुद्ध होने की वजह से उन्हें अपना वाहन रोकना पड़ा जिस पर हमलावरों ने उनके चार पहिया वाहन से उन्हें बाहर खींच लिया और लोहे के रॉड से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दिया आरोप है कि उनके पास मौजूद साढ़े तीन हजार रुपए भी हमलावरों ने छीन लिया चार पहिया वाहन को रोककर उनकी गाड़ी का शीशा भी तोड़ दिया रात को ही पुलिस को सूचना दिया गया परंतु मुकदमा पंजीकृत दर्ज नहीं हुआ और न ही कोई कार्यवाही हुई थी जैसे ही अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के संरक्षक शशिकांत त्रिपाठी द्वारा संगठन को सूचना दी गई और अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सदस्य सैकड़ों की संख्या में थाना कोखराज पहुँच कर मुकदमा पंजीकृत कर अपराधियों के ऊपर उचित कार्यवाही की माँग की जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

बीच सड़क पर दबंगों ने वाहन खड़ा कर रास्ता अवरुद्ध कर मारपीट लूटपाट की घटना को दिया अंजाम, थाना पुलिस की हीला हवाली से आक्रोशित ब्राह्मण एकता परिषद ने किया धरना प्रदर्शन

विरोध प्रकट करते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी

डीएम ने ग्राम अदालत लगाकर की मुकदमे की सुनवाई

ग्राम अदालत का कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सात वर्ष से कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन पट्टा निरस्तीकरण के मुकदमों की गांव में अदालत लगाकर सुनवाई की गयी अदालत लगाने का मुख्य उद्देश्य वादकारों को त्वरित सस्ता व सुगम न्याय दिलाना है ग्रामीणों ने न्यायालय में उल्लास पूर्वक भागीदारी की है। सोमवार को सिराथू तहसील के सयारा मीठेपुर गांव में जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा ग्राम न्यायालय संचालित किये गये गांव के 42 वादकारियों के पट्टे के मुकदमें वर्ष 2014 से लम्बित थे जिनका निस्तारण समयबद्ध ढंग से नहीं हो पा रहा था वादकारियों की परेशानी को दृष्टिगत रखकर गांव में अदालत लगाकर त्वरित सस्ता व सरल न्याय देने की शासन की परिकल्पना को साकार किया गया मौके पर पट्टेदारों की पात्रता व अपात्रता की गहन जाँच व छानबीन की गयी जाँच पड़ताल से न्याय पारदर्शी ढंग से हो सके इसी सोच से वादकारियों को निरन्तर मुकदमें बाजी से बचने के लिए सुनवाई की गयी इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विनय गुप्ता तहसीलदार सिराथू खण्ड विकास अधिकारी सिराथू क्षेत्राधिकारी सिराथू जिला शासकीय अधिवक्ता शिवमूर्ति द्विवेदी एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना में करें आवेदन

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में माटीकला एवं शिल्पकला के उद्यमियों शिल्पियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत अधिकतम रुपए 10 लाख तक के प्रोजेक्ट पर 95 प्रतिशत तक की धनराशि ऋण के रूप में बैंक द्वारा स्वीकृत की जाती है प्रोजेक्ट लागत में कार्यशील पूंजी को छोड़कर पूंजीगत ऋण की धनराशि पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में अनुदान दिया जायेगा एवं 5 प्रतिशत की धनराशि लाभार्थी द्वारा स्वयं अंशदान के रूप में जमा की जायेगी इस योजना में न्यूनतम 18 वर्ष तथा इससे अधिक उम्र के लाभार्थी ही पात्र होंगे एवं माटीकला के परम्परागत कारीगर व प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को वरीयता दी जायेगी। इसके साथ ही 05 लाख रुपए से अधिक परियोजना के वित्तपोषण हेतु लाभार्थियों की शैक्षिक योग्यता में आठवीं कक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है ऋण की सीमा अवधि पूंजीगत ऋण एवं कार्यशील पूंजी बैंक ऋण के रूप में 5 वर्ष के लिए देय होगी जनपद के इच्छुक आवेदक किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय औसा चौराहा मंझनपुर से व्यक्तिगत सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त कर 30 अप्रैल 2022 तक आवश्यक प्रपत्रों सहित कार्यालय में जमा कर सकते है।

गुम हुई बच्चियों को परिजनों से मिलाने में पुलिस ने निभाई अहम भूमिका

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। शीतला माता के कड़ा धाम स्थित मेला में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की बच्चियां भीड़ के बीच गुम हो गयी जिस पर बच्चियों को परिजनों से मिलाने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई है मेला कड़ाधाम क्षेत्र में गुम हुई 5 वर्षीय बच्ची सोनाली पुत्री संजय कुमार निवासी रामपुर मड़िहान थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर को खोजकर पिता को सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा मेले में तैनात पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया। मेला कड़ाधाम क्षेत्र में गुम हुई 4 वर्षीय बच्ची कनक पुत्री आशीष निवासी धनेठे थाना लमुआ जनपद सुल्तानपुर को खोजकर पिता को सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा मेले में तैनात पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया। मेला कड़ाधाम क्षेत्र में गुम हुई बच्ची रिंसी पुत्री कल्लू को उनके चाचा पवन सिंह निवासी राजाराम ग्राम सखियां थाना थरियांव फतेहपुर को सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा मेले में तैनात पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया। मेला कड़ाधाम क्षेत्र में गुम हुई 3 वर्षीय बच्ची रिया पुत्री राजेंद्र निवासी पलिया थाना हथगाव जनपद रायबरेली को खोजकर माता-पिता को सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा मेले में तैनात पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।मेला कड़ाधाम क्षेत्र में गुम हुई 3 वर्षीय बच्ची रिमझिम पुत्री राकेश निवासी हरिहरपुर थाना रोहनिया जनपद वाराणसी को खोजकर माता-पिता को सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा मेले में तैनात पुलिसकर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

विभिन्न थाना पुलिस ने पैदल गस्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना चरवा पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस क्षेत्र अंतर्गत पैदल मार्च कर रोड पर अतिक्रमण न करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा पैदल मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कड़ाधाम द्वारा माता शीतला देवी मेला परिसर व कुबरी घाट पर पैदल मार्च किया गया। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना मो0पुर पइंसा क्षेत्र के उदयन कस्बे में पैदल मार्च के दौरान शराब व सर्राफा की दुकानों व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही जनता और व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

संपादकीय

महावीर: आत्म-क्रांति के वीर महापुरुष

महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है। महावीर बनने का अर्थ है स्वस्थ जीवन जीना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना। प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं, लेकिन इस वर्ष उस महान आत्म-क्रांति के वीर महापुरुष की जयंती को कोरा आयोजनात्मक नहीं बल्कि प्रयोजनात्मक स्वरूप देना है। इसके लिये हर व्यक्ति अपने भीतर झांकने की साधना करें, महावीर को केवल पूजे ही नहीं हैं, बल्कि जीवन में धारण कर लें। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसकी जीवनशैली संयम एवं अनुशासनबद्ध हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता, संयम एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। सदियों पहले महावीर जनमे, लेकिन उनका जीवन एवं उपदेश आज के संकटपूर्ण एवं अनेक व्याधियों-बीमारियों के दौर में अधिक कारगर एवं प्रासंगिक है। महावीर स्वास्थ्य-उत्क्रान्ति की एक लहर है, स्वस्थ जीवन-ज्योति की एक निर्धूम शिखा है। साहस एवं संयम का अनाम दरिया है। उनके संवादों में शाश्वत की आहट थी। उनकी जीवनशैली इतनी प्रभावी थी कि उसे एक बार जीने वाला बंध जाता। उनकी दृष्टि में ऐसी कशिश थी कि उन्हें एक बार देखने वाला भूल ही नहीं पाता। उनके स्वस्थ जीवन के आह्वान में ऐसा आमंत्रण था कि उसे अनसुना नहीं किया जा सकता। उनका मार्गदर्शन इतना सही था कि उसे पाने वाला कभी भटक ही नहीं पाता। उनकी सन्निधि इतनी प्रेरक थी कि व्यक्ति रूपान्तरित हो जाता। उन्होंने कहा अप्पणा सच्चमेसेज्जा-स्वयं सत्य खोजें। वे किसी को पराई बैसाखियों के सहारे नहीं चलाते थे। अपने पैरों से चलने की क्षमता हो तो व्यक्ति जब चाहे चल सकता है और जहां चाहे, पहुंच जाता है। उन्होंने रास्ते रोशन ही नहीं किए, बल्कि भीतर की रोशनी पैदा कर दी। ये ही सब कारण हैं कि जो हमें महावीर का स्मरण दिलाते हैं। महावीर का विश्वास स्वस्थ जीवन में था। वे अपने आप में रहते थे। दूसरों को भी अपने आप में रहना सिखाते थे। वे स्वस्थ थे। उन्हें कोई बीमारी छू नहीं कर पाई। उन्होंने स्वास्थ्य के अनेक सूत्र दिए। उनमें एक सूत्र था-कायोत्सर्ग। कायोत्सर्ग का अर्थ है शरीर की शुद्धि, शरीर की सारसंभाल, शरीर के प्रति पवित्रता एवं संयम। कायोत्सर्ग साधना का आदि बिन्दु भी है और अन्तिम बिन्दु भी है। यह स्वास्थ्य का प्रथम बोधपाठ है और अन्तिम निष्पत्ति है। यह शरीर को घेरने वाली आपात स्थितियों का रक्षा-कवच है। तनाव-विसर्जन का प्रयोग है और सब दुःखों से मुक्त करने वाला है। महावीर का साधनाकाल साढे.बारह वर्ष का रहा। उसमें उन्होंने बार-बार कायोत्सर्ग का प्रयोग किया। सुरक्षा-कवच अथवा बुलेटप्रूपफ जैकेट पहनने वाले को गोली लगने का भय नहीं रहता।

शहबाज शरीफ का कश्मीर राग दुर्भाग्यपूर्ण

ललित गर्ग

पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र है। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है

पाकिस्तान में एक और सत्ता की तख्ता पलट का नाटक पूरी दुनिया ने देखा। सत्ता में बने रहने के इमरान खान के सारे दांवपेच बेकार साबित हुए। शनिवार देर रात नेशनल असेंबली में बहुमत खो देने के बाद सरकार गिर गई। फिलहाल विपक्ष जीत गया है। सत्ता की कमान अब देश के मंजे हुए राजनेता शाहबाज शरीफ के हाथों में आ गई है। वे तीन बार पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और नवाज शरीफ की गैरमौजूदगी में पार्टी की अगुआई करते रहे हैं। पाकिस्तान के इस घटनाक्रम के बाद देश के राजनेताओं में ज्यादा समझदारी आएगी या दिशाशून्य हो जायेंगे? मालूम नहीं। पक्ष एवं विपक्ष का यह सारा शोर दूसरे को दोषी ठहराने का था और चुप्पी अपने दामन के दाग छिपाने की थी। यह घटनाक्रम सिर्फ किसी को सत्ता से बेदखल करने और किसी को सत्ता हासिल होने के संदर्भ में ही नहीं देखा जाना चाहिए। इसमें इमरान खान ने अपने साथ-साथ पाकिस्तान की भी खूब फजीहत करायी। वह इस तरह बेइज्जत होकर पदमुक्त होने वाले अपने देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। वह चूंकि अपनी पूरी फजीहत कराकर रुखसत हुए हैं, इसलिए उन्हें आने वाले दिनों में राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ प्रशासनिक मोर्चे पर भी खूब संकटों का सामना करना पड़ेगा। उनके विदेश जाने पर एक तरह से रोक लग गई है और उन्होंने अपनी कमजोरिया, गलत नीतियों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा की वजह से अपने विरोधियों को मौका दे दिया है। दरअसल, जब आप लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं पर विश्वास करते हैं, तब ये संस्थाएं भी आप पर विश्वास करती हैं और मजबूती देती हैं। लेकिन जिस तरह इमरान ने खुद को बचाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया है, अदालत के आदेश के बावजूद संसद से बचने की अंतिम समय तक कोशिश की है, उससे उन्होंने खुद अपने लिए कांटे बिछा लिए हैं। पिछले कुछ महीनों के घटनाक्रम और खासतौर से हाल के एक हफ्ते की गतिविधियां बता रही हैं कि पाकिस्तान के भीतर दरअसल चल क्या रहा है। सरकार गिराने के लिए इमरान खान और उनकी पार्टी विदेशी ताकतों पर आरोप लगा रही है। सेना ने पूरे राजनीतिक घटनाक्रम से अपने को अलग रखने की बात कही। और सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि विधायी तंत्र के घटनाक्रम को लेकर देश का सुप्रीम कोर्ट एक सजग प्रहरी के



रूप में खड़ा रहा। वरना क्या अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हो पाता? पाकिस्तान की राजनीति में कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई ह्वप्रोम्प्टह्व कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। लेकिन पाकिस्तान की सत्ता की स्थिति हर दौर में किसी कठपुतली से कम नहीं होती। क्योंकि कहने को वहां लोकतांत्रिक सरकारें बनती है, लेकिन उन पर नियंत्रण सेना एवं आतंकवादी संगठनों का ही रहता आया है। वैसे भी पाकिस्तान का इतिहास यही रहा है कि वहां सेना किसी की सगी नहीं रही। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि शाहबाज भी सत्ता में तभी तक टिकेंगे, जब तक सेना चाहेगी। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं। शाहबाज के सामने चुनौतियां अधिक इसलिये भी है कि वहां की आर्थिक स्थितियां बिखरी हुई है, अमेरिका का संरक्षण भी बिखर चुका है। जनता महंगाई के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। कहने को पाकिस्तान में लोकतंत्र है, लेकिन लोकतांत्रिक सरकार चलाने के लिए जिस परस्पर बुनियादी विश्वास की जरूरत पड़ती है, इसका अभाव पाकिस्तान में नया नहीं है। क्या इस अविश्वास को अगले प्रधानमंत्री दूर कर पाएंगे? जिन विपक्षी दलों ने एक सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, उन पर अब जिम्मेदारी है कि मिलकर देश को अच्छी सरकार दें, सुशासन दे, लोकतंत्र को शुद्ध सांसें दे। क्या ऐसा हो पायेगा? भावी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बहुमत जुटाने के अलावा सेना को भी विश्वास में लेकर चलने की मजबूरी कदम-कदम पर झेलनी पड़ेगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अगर चौपट न होती, तो शायद इमरान खान को ऐसे न जाना पड़ता। अब शहबाज शरीफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान के मुस्कराने के दिन आ गए हैं, क्या वाकई ऐसा है? विडम्बना तो पाकिस्तान की हमेशा से यही रही है कि अन्दरूनी संकटों का समाधान करने की बजाय वह हमेशा कश्मीर का राग अलापती रही है। आम लोगों के संकटों एवं अभावों को दूर करने की बजाय उसका ध्यान कश्मीर पर ही लगा रहता है। आज उसकी दुर्दशा का कारण भी यही है। शाहबाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पहले ही जिस तरह कश्मीर राग छेड़ा, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह भी इमरान खान की राह पर ही चलेंगे और उनके स्वल्प शासन में किसी रोशनी के अवतरित होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। कश्मीर का राग भले ही वहां की सरकारों की विवशता हो, ऐसा न करना पाकिस्तान का गद्दार करार दिया जाता हो, लेकिन अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा। कश्मीर की तरफ आंख उठाने का क्या हश्र होता है, इमरान की गति से सहज अनुमान लगाया जा सकता है। कश्मीर का राग अलापने वाले इन्हीं इमरान ने अपने अंतिम भाषण में करीब दो दर्जन बार भारत के गुण गाये, उसे सशक्त बताया, उसकी ओर किसी भी राष्ट्र की आंख उठाने की हिम्मत न करने की बात कही। भले ही शाहबाज शरीफ भारत से शांति चाहते हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसी के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि यह तभी संभव है, जब कश्मीर मसले का समाधान हो। लेकिन भारत की कश्मीर पर बातचीत करने की कोई दिलचस्पी नहीं है। जबसे अनुच्छेद 370 की कश्मीर में समाप्ति हुई है भारत कश्मीर पर पाकिस्तान से बात करने की जरूरत महसूस ही नहीं करता। भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर पर बात करने को इच्छुक हो सकता है, क्योंकि देरसवेर यह भू-भाग भारत में आना ही है, चाहे बातचीत से आये या अन्य माध्यमों से।

पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र है। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दुनिया भर में पाकिस्तान को सहयोग के नाम पर सन्नाटा पसरा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि शाहबाज भी उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और पनामा पेपर्स मामले उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इसके अलावा देश पर लगा आतंकवाद के गढ़ होने का ठप्पा भी अलग तरह के संकट खड़े किए हुए है। साफ है, शाहबाज की राह में भी कांटे ही कांटे हैं। इन कांटों के बीच यदि वह भारत की तरफ आंख उठाता है या कश्मीर राग अलापता है तो उसके संकट गहरे ही होने वाले हैं। इसलिये पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता और शांति कैसे कायम हो, फिलहाल यही सरकार, सेना और सुप्रीम कोर्ट का मुख्य एजेंडा होना चाहिए।

राम मंदिर : जन्मभूमि पर भव्य जन्मोत्सव का आयोजन

महेश

श्री जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। यहां भूमि पूजन के साथ ही पांच सौ वर्ष पुराना सपना साकार होने लगा था। लेकिन यहां जन्मोत्सव के आयोजन हेतु करीब दो वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। कोरोना संकट के कारण यहां सार्वजनिक आयोजन संभव नहीं हुआ। अंततः यह सपना भी पूरा हुआ। इसबार जन्मभूमि पर भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया गया- कुछ वर्ष पहले तक जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कार्य में अनेक बाधाएं दिखाई दे रही थी। लेकिन सभी बाधाओं का निवारण हो गया। सामाजिक सौहार्द के साथ श्री रामलला जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ था। अयोध्या में श्रीराम जन्मस्थान के प्रति करोड़ों हिंदुओं की आस्था रही है। इसके अलावा यहां मंदिर होने के पुरातात्विक प्रमाण भी उपलब्ध थे। स्कन्दपुराण, वाल्मीकि रामायण, वशिष्ठ संहिता, रामचरित मानस जैसे सैकड़ों ग्रंथों में श्रीराम जन्मभूमि का उल्लेख है।भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षणों का भी यही निष्कर्ष रहा है। विवादित ढांचे की दीवार पांच क्रमांक पांच में मकर चिन्ह था। निर्माण हिन्दू कला के अनुरूप शुंगकाल से प्रारंभ हुआ था। सिविल इंजीनियरिग के हिसाब से भी पुराने ढांचे पर मस्जिद का निर्माण हुआ था। यह गोलाकार हिन्दू धार्मिक स्थल था। इसकी रचना श्रावस्ती के चेरीनाथ शिव मंदिर की तरह है। चन्द्रेह रीवा का शिवमन्दिर, कुरारी फतेहपुर का शिवमन्दिर, तिण्डुलि सूर्य मंदिर की रचना भी जन्मभूमि मंदिर की तरह थी। पुरातत्व प्रमाण ऐसे हैं कि राजपूत काल तक मंदिर सुरक्षित था। इसके आसपास रिहायशी बस्ती नहीं थी। स्थापत्य के हिन्दू चिन्ह उपलब्ध रहे हैं, जिनमें घट पल्लव, स्तम्भ, पुष्प, गरुण स्तंभ, देवी-देवताओं के चित्र, नागरी लिपि के शिलालेख, बीस लाइन का विष्णु हरि शिलालेख है। बताया जाता है कि 1528 में बाबर के सेनापति मीरबाकी ने मंदिर का विध्वंस करके मस्जिद का निर्माण कराया था। महर्षि वाल्मीकि ने भी रामकथा पर भावपूर्ण रचना की है। रामायण के माध्यम से उन्होंने यह कथा जन-जन तक पहुंचाई थी। जहां प्रभु अवतार लेते हैं, वह स्थल स्वतः तीर्थ बन जाता है। त्रेता युग से अयोध्या इसी रूप में प्रतिष्ठित रही। मुगलकाल में यहां मंदिर का विध्वंस हुआ। पांच सौ वर्षों तक जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण की प्रतीक्षा व प्रयास होते रहे। सदियों बाद श्रीराम जन्मस्थान पर जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। दूरदर्शन पर इसका सजीव प्रसारण किया गया। पहले यह प्रसारण कनक भवन से हुआ करता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्मोत्सव को भव्य रूप में मनाने का निर्णय लिया। यहां की तैयारियों को देखने वह स्वयं अयोध्या यात्रा पर आए थे। समारोह के सजीव प्रसारण का आग्रह भी उनका था। जिससे अयोध्या में रामनवमी पर राम जन्मोत्सव का देश-विदेश में रहने वाले रामभक्त घर बैठे अवलोकन कर सकें। पहली बार दूरदर्शन, एएनआई और आकाशवाणी पर राम जन्मभूमि परिसर से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। करीब दो वर्ष पूर्व श्रीराम लला को टेंट से बाहर लाकर मानस मंदिर प्रांगण में फाइवर के मंदिर में विराजमान किया था। उसके बाद रामनवमी के त्योहार को भव्यता से मनाने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन की अपनी परम्परा का निर्वाह किया था।

पिछली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद जब वह अयोध्या आये थे, तब श्री रामजन्मभूमि पर यथास्थिति थी। योगी ने अपनी योजना के अनुरूप यहां पर्यटन विकास संबन्धी कार्य शुरू कर दिए थे। फिर वह समय भी आया जिसकी पांच सदियों से प्रतीक्षा थी। मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। इस बार योगी जब अयोध्या पहुंचे तो स्थिति अलग रही। अयोध्या में योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में चैत्र रामनवमी मेले की तैयारी के संबंध में समीक्षा की थी। उन्होंने कहा था कि इस आयोजन की तैयारी इस प्रकार से की जाए कि मेला पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित हो और अयोध्या को विश्व मानचित्र पर लाने में सहायक बने। रामनवमी के बाद भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे भारत से आएंगे। इसके दृष्टिगत अयोध्या में ऐसी व्यवस्था सृजित की गई जिससे लोगों को प्रवेश करते ही उन्हें पूरा वातावरण राममय लगे।

अभिव्यक्ति

अंधविश्वास पर आज भी लोगों को भरोसा

योगेश

अंधविश्वास पर जब भी बात होती है तो लगता है कि पढ़े-लिखे जमाने में और कब तक....! वहीं, यह फख्र भी है कि 21 वीं सदी के जेट युग में हम, अपने अंतरिक्ष यान को मंगल की कक्षा में पहले ही प्रयास में स्थापित करने में 25 सितंबर 2014 को सफल हुए। यह अंधविश्वास नहीं था। दूसरी ओर ठीक सालभर बाद 2 सितंबर 2015 को अमेरिका जैसे विकसित देश की वायुसेना में एक भारतीय महिला डेबरा शोनफेल्ड मैरिलैंड जो भारतीय संगीत सुनती और योग करतीं। उनकी एक सहकर्मी को लगता कि जादू-टोना भी करती हैं। बस इसीलिए डेन्टल टेक्नीशियन डेबरा बर्खास्त कर दी गईं। 21 सितंबर 2015 की ही एक घटना जिसने खूब सुर्खियां बटोरी। हुआ यह कि नेपाल सीमा से सटे कपिलवस्तु की महिलाएँ एक टोटका करने कोतवाली पहुंचीं। थाना प्रभारी को खूब नहलाया और बारिश की प्रार्थना की। मान्यता और भावनाओं का सम्मान करते थानेदार रणविजय सिंह भी चुपचाप जमीन पर बैठे और महिलाएं पानी उड़ेलती रहीं। बारिश न होने से सूख रही धान को बचाने हेतु इन्द्रदेव को खुश करने खातिर इलाके के राजा को पानी में डुबोने का पुराना टोटका पूरा करना था। राजा-रजवाड़े रहे नहीं सो थानेदार को ही राजा मान टोटका किया। यूँ तो हर रोज अँध विश्वास की कोई न कोई घटना या कहानी किसी न किसी रूप में सामने होती है। चंद दिन पहले 20 मार्च 2022 को राजस्थान के राजसमंद के खमनोर की एक घटना जिसमें सात साल के बच्चे को दो साल पहले आंख में फुंसी हुई तो घरवाले करीब की दवा दुकान से दवा लेकर इलाज करते रहे। लेकिन जब दर्द और मर्ज बढ़ा तो तंत्र-मंत्र करने वाले भोपे के पास ले गए। वहां बच्चे की तकलीफ कम होने की बजाय इतनी बढ़ी कि उसकी आंख तीन इंच बाहर आ गई। आखिर में अस्पताल गए तो पता चला कि कैंसर है और आंख निकालनी पड़ेगी। 4 सितंबर 2021 राजस्थान के ही चित्तौड़गढ़ में तंत्र-मंत्र के चक्कर में 30 साल की सुनीता की जान, इसका सगी छोटी बहन ने ले ली। वो मायके आई थी। वहाँ तबीयत क्या बिगड़ी परिवार वालों ने मान लिया कि जादू-टोने का असर है। परिवार 18-20 घंटे तक कमरा बंद करके मंत्र-तंत्र करता रहा। दो कमरों में बन्द 25 लोगों को भरोसा था कि छोटी बहन जिस पर एक रिश्तेदार की आत्मा आती है, सब ठीक करेगी। घण्टों चीख-चिल्लाहट और मारपीट की आवाज से डरे पड़ोसियों ने आखिर पुलिस बुलाई। जबरदस्ती दरवाजा खुलवाया। बीमार की तो मौत हो चुकी थी लेकिन तंत्र-मंत्र जारी था। ताँत्रिक बनी लड़की पुलिस को भी धमकाती रही। उप्र के ललितपुर थाना कोतवाली के घटवार गाँव की 27 अप्रेल 2018 की घटना। 22 और 20 वर्षीय पति-पत्नी ताराचंद और ज्योति कुशवाहा ने शादी की दूसरी सालगिरह की रात फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब देर तक दोनों नहीं उठे तो खिड़की से झाँकने पर दिखा कि दोनों एक ही रस्सी से फांसी पर लटके थे। ससुर दामोदर ने पुलिस को बताया कि ज्योति पर छह माह से भूत-प्रेत का साया था। कई ओझा-गुनी से झड़वाया कुछ काम न आया, जिससे दोनों परेशान थे। मृतकों का एक ही कागज पर मिला सुसाइड नोट उनकी हताशा और परिवार के अंधविश्वासों को बयाँ कर रहा था। 31 जनवरी 2019 को मप्र के टीकमगढ़ जिले के खरगापुर सरकारी अनुसूचित जनजाति सीनियर कन्या छात्रावास से अजीब घटना सामने आई। पठारे गाँव की दसवीं की एक छात्रा कई दिनों से अजीबोगरीब हरकतें कर रही थी। रात को सोते में पलंग तक गिर जाती। अधीक्षिका ने उसके पिता को सलाह दी कि बेटी प्रेतात्मा के साये से परेशान है इसलिए अच्छे ताँत्रिक को दिखाओ। बताते हैं कि ताँत्रिक ने भूत-प्रेत भगाने छात्रावास में ही मुर्गे की बलि देकर शराब चढ़ाई। 26 मार्च, 2013 को गंगापुर सिटी के रहने वाले फोटोग्राफर कंचन सिंह ने भगवान से मिलने की चाह में अपने परिवार के आठ सदस्यों के साथ राजी-खुशी से जानबूझकर सायनाइड मिला जहरीला लड्डू खाया। जब लोग मरने लगे तो एक लड़की पड़ोसियों को बताने भागी और लड्डू थूक दिया। दो और को तुरंत अस्पताल पहुँचाया।

आयुर्वेदिक तरीका रोगी को चंगा करने के लिए सबसे अच्छा तरीका

आर.के. सिन्हा

देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के सभी स्कूलों के दसवीं कक्षा तक में पढ़ने वाले बच्चों को हिन्दी अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां के सभी राज्य सरकारें राजी हो गईं हैं क22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है तथा नौ आदिवासी जातियों ने अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। क्या इन जानकारियों में आपको कहीं हिन्दी को थोपने के संकेत मिलते हैं? लेकिन, कांग्रेस तो कम से कम यही मानती है। कांग्रेस के नेता यह कहते हैं कि सरकार महंगाई तथा बेरोजगारी जैसे गंभीर मसलों पर बात करने की बजाय हिन्दी को गैर-हिन्दी भाषियों पर थोपने की चेष्टा कर रही है। दरअसल विगत दिनों केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उपर्युक्त जानकारियां देश के साथ सांझा की थीं। उसके बाद कांग्रेस के नेता जयराम रमेश और अभिषेक मनु सिंघवी मैदान में उतर आए। जयराम रमेश ने ज्ञान दिया कि हिन्दी राजभाषा है न कि राष्ट्रभाषा। एक तरह से वे और उनके मित्र अभिषेक मनु सिंघवी हिन्दी के खिलाफ वक्तव्य देते हुए महात्मा गांधी, सरदार पटेल, भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अपमान करने लगे। देश की ये सभी महान शख्सियतें गैर हिन्दी भाषी होने पर भी हिन्दी के प्रसार-प्रचार के लिए सक्रिय रहीं। ये सभी हिन्दी की ताकत को जानते थे। क्या कांग्रेस के इन नेताओं को इतना भी नहीं पता कि भगत सिंह तो हिन्दी के ही पत्रकार थे? पंजाब से संबंध रखने वाले भगत सिंह की मातृभाषा हिन्दी नहीं थी। इसके बावजूद वे कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के कानपुर से छपने वाले अखबार प्रताप में पत्रकार के रूप में काम करते रहे थे। प्रसिद्ध क्रांतिकारी शचींद्रनाथ सान्याल की सलाह पर भगत सिंह विद्यार्थी जी से मिले। वे प्रताप में बलवंत सिंह के नाम से लिखते थे, जो खासतौर पर नौजवानों के बीच खासे लोकप्रिय थे। भगत सिंह पंजाबी पत्रिका किरती के लिए भी रिपोर्टिंग और लेखन कर रहे थे। देखिए संविधान में बहुत सोच झ्र विचार कर हिन्दी की स्वीकृति दी गई क्योंकि इसकी सर्वत्र राष्ट्र भाषा के रूप में मान्यता आज के 75 वर्ष पूर्व भी थी। जब अनुच्छेद 343 में देवनागरी में लिखी हिन्दी को सर्वसम्मति से मान्यता मिली तो वह राष्ट्रभाषा हिन्दी ही मानी गई। बाद में चलकर कोई राजभाषा कोई सरकारी भाषा और कोई आधिकारिक भाषा कहने लगा। सरदार पटेल ने दिनांक 13.10.1949 को अपने एक महत्वपूर्ण संदेश हिन्दी के लिए राष्ट्र भाषा का प्रयोग ही किया है। जयराम रमेश यह याद रखें कि हिन्दी भारत के करोड़ों लोगों की प्राण और आत्मा है। हिन्दी प्रेम और सौहार्द की भाषा है। ये सबको जोड़ती है। इसका बार-बार अनादर करना बंद करें। वे जब हिन्दी को लेकर नकारात्मक टिप्पणी करते हैं तो वे हिन्दी भाषियों को निराश करते हैं। उम्मीद के मुताबिक, अमित शाह की जानकारी के बाद तमिलनाडू में भी हिन्दी का राजनीतिक विरोध शुरू हो गया है। पर यह विरोध जमीन पर नहीं है। दक्षिणी राज्यों में अब हिन्दी का विरोध रत्तीभर भी नहीं रहा।

तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन आज जो कह रहे हैं कि केन्द्र सरकार हिन्दी को गैर- हिन्दी भाषी राज्यों पर थोपने की कोशिश कर रही है, वे तब कुछ तो नहीं बोले थे जब तमिलभाषी एचसीएल टेक्नोलोजीस के खरबपति फाउंडर चेयरमेन शिव नाडार ने कुछ समय पहले एक स्कूल के कार्यक्रम में कहा था-ह्लहिन्दी पढ़ने वाले छात्रों को अपने करियर को चमकाने में लाभ ही मिलेगा।ह्व वे भारत के सबसे सफल कारोबारी माने जाते हैं और पूरे देश में लाखों पेशेवर उनकी कंपनी में काम करते हैं। हिन्दी का विरोध करने वालों को शिव नाडार जैसे सफल उद्यमी से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने 1960 के दशक में तमिलनाडू में हुए हिन्दी विरोधी आंदोलन को स्वयं देखा था।

बहरहाल, तमिलनाडू को लेकर यह कहना होगा कि वहां पर हिन्दी फिल्मों को देखने के लिए जनता जिस तरह से सिनेमा घरों में उमड़ती है, वहां के सियासी नेता पर हिन्दी विरोध की बातें करना नासमझी ही माना जाएगा। जिस तमिलनाडू के नेता हिन्दी का विरोध करते हैं, वहां पर आयुष्मान खुराना,

अफगानिस्तान: धर्मान्धता की राह पर चलने वाले देशों के लिये उदाहरण

तनवीर जाफरी

जिन तालिबानों को अमेरिका 'अच्छे' और 'बुरे' दो अलग अलग श्रेणी के तालिबान बताकर और अफगानिस्तान छोड़ने से पूर्व स्वयं तथाकथित 'अच्छे तालिबानों ' से बातचीत करता रहा और अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ते ही अफगानिस्तान की सत्ता जिन तालिबानों के हाथ लगी,अब धीरे धीरे वही तालिबान अपने वास्तविक रूप में आकर यह प्रमाणित करने लगे हैं कि दरअसल तालिबानों में 'अच्छा तालिबानी' कोई नहीं। बल्कि सभी महिला विरोधी,मानवाधिकारों के दुश्मन,क्रूर तथा कट्टरपंथी अतिवादी विचारधारा रखने वाले एक ही तालिबानी हैं। यह वही तालिबानी हैं जिन्हों ने अपनी कट्टरता का सबसे बड़ा सुबूत मार्च 2001 में बामियान में बुद्ध की दो विशालकाय मूर्तियों को नष्ट कर के दिया था। बताया जाता है कि 'जब तालिबान अपने टैंक, विमानभेदी तोपों तथा टैंकों के गोले दागने के बावजूद पथरीले पहाड़ों में उकेरी गई दुनिया की सबसे प्राचीन,मजबूत व ऊँची बुद्ध प्रतिमाओं को पूरी तरह नष्ट नहीं कर सके तो वे कई ट्रकों में डाइनामाइट भर कर लाए और उन्हें उन मूर्तियों में ड्रिल कर भर दिया." क्रूर कट्टर तालिबान इन मूर्तियों को नष्ट करने के लिए इतने उतावले थे कि उन्होंने लगभग एक महीने तक उन्हें नष्ट करने की प्रक्रिया जारी रखी । तालिबानी क्रूरता व कट्टरपंथ की यह खबर उन दिनों पूरे विश्व में प्रसारित होती रही। गौर तलब है कि तालिबान के नेता मुल्ला उमर ने 26 फरवरी, 2001 को अफगानिस्तान में सभी मूर्तियों को गिराने का आदेश दिया था। काबुल के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी गई मूर्तियों को भी ध्वस्त कर दिया गया था। ये वही क्रूर तालिबानी थे 25 सितंबर, 1996 को पहली बार काबुल पर कब्जा करने और अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के दो दिनों के भीतर ही यानी 27 सितंबर को भारत के करीबी समझे जाने वाले अफगान नेता व राष्ट्रपति नजीबुल्लाह के सिर में गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी तथा उनके मृत्य शरीर को एक क्रेन से लटका दिया था।

तीन पेनल्टी गंवाने के बावजूद बार्सिलोना ने दर्ज की जीत

मैड्रिड. बार्सिलोना ने तीन पेनल्टी गंवाने के बावजूद लेवांटे पर 3-2 से जीत दर्ज की, जिससे वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। बार्सिलोना ने दूसरे हॉफ में तीन पेनल्टी गंवाई थी, लेकिन सब्स्टीट्यूट लुक डे जोंग का इंजरी टाइम में किया गया गोल उसे तीन प्वॉइंट्स दिला गया।

इस जीत से बार्सिलोना ने सभी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान 15 मैच तक पहुंचा दिया है। इससे वह ला लिगा प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बार्सिलोना टॉप पर काबिज रीयाल मैड्रिड से 12 प्वॉइंट्स पीछे है। रीयाल मैड्रिड ने शनिवार को गेटाफे को 2-0 से हराया था।

एक अन्य मैच में रीयाल सोसिडाड ने एल्ची को 2-1 से हराकर चैंपियन्स लीग में अपनी जगह सुरक्षित करने की कवायद जारी रखी। अन्य मैचों में एस्पेनयोल ने सेल्टा विगो को और ओसासुना ने अलावेस को समान 1-0 के अंतर से हराया।

T20 World Cup 2024: वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी, टूर्नामेंट में दोनों को मिली डायरेक्ट एंट्री

नई दिल्ली. आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में किया जाएगा। दोनों टीमों ने अब मेजबान होने के नाते सीधे ही इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दुबई में रविवार को आईसीसी की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पहली बार कुल 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी ने इसकी जानकारी दी। अमेरिका की टीम पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में खेलेगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 20 में से 12 टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिलेगी। इसमें ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमों के अलावा वेस्टइंडीज और अमेरिका के रूप में दो मेजबान देश भी शामिल है। बाकी दो अन्य टीमों का फैसला इस साल 14 नवंबर तक टॉप रैंकिंग में रहने वाली टीमों के आधार पर लिया जाएगा। इमरान के बाद पाक क्रिकेट बोर्ड में भी भूचाल, रमीज दे सकते हैं इस्तीफावेस्टइंडीज की टीम अगर ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के टॉप-8 में जगह बनाने में सफल रहती है तो फिर रैंकिंग की टॉप-2 की जगह टॉप-3 टीमों को वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिलेगा। बाकी आठ अन्य टीमों का फैसला रीजनल क्वालिफायर्स के आधार पर किया जाएगा। एशिया, अफ्रीका और यूरोप की टॉप-2 टीमें वर्ल्ड कप में खेलेंगी जबकि अमेरिका और ईस्ट एशिया पेसिफिक की एक-एक टीम को इसमें भाग लेने का मौका मिलेगा।

बिना मैच खेले ही जिमी नीशम ने किया केएल राहुल का 'काम तमाम', ट्रेंट बोल्ट ने बताया कैसे

नई दिल्ली. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 20वां मैच रविवार को राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजायन्ट्स के बीच खेला गया। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने तीन रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में 30 रन देकर दो बड़े विकेट निकाले, जिसमें कप्तान केएल राहुल का क्लीन बोल्ड भी शामिल था। बोल्ट ने जिस तरह से राहुल को क्लीन बोल्ड किया, उस गेंद की खूब चर्चा हो रही है। लखनऊ सुपर जायन्ट्स की पारी की पहली ही गेंद पर बोल्ट ने राहुल को गोल्डन डक पर पवेलियन भेज दिया, इस विकेट का कुछ क्रेडिट जिमी नीशम को भी जाता है, जो इस मैच के लिए प्लेइंग ङ्गद्ध का हिस्सा तक नहीं थे।मैच के बाद बोल्ट ने कहा, यह जिमी नीशम का आइडिया था कि राहुल को राउंड द विकेट बॉलिंग की जाए। लेकिन मैं उन्हें इसका ज्यादा क्रेडिट नहीं देना चाहता हूं। बोल्ट ने राहुल को आउट करने के बाद दूसरी ही गेंद पर कृष्णप्पा गौतम का भी काम तमाम कर दिया और इस तरह से वह हैट्रिक पर पहुंच गए थे, हालांकि वह हैट्रिक पूरी कर नहीं पाए।कृष्णप्पा गौतम एलबीडब्ल्यू आउट हुए थे। लखनऊ सुपर जायन्ट्स ने दो गेंद पर बिना रन बनाए दो विकेट गंवा दिए थे। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायन्ट्स ने एक समय पर 126 रनों तक आठ विकेट गंवा दिए थे।

टेस्ट मैच के बीच में साउथ अफ्रीका के दो खिलाड़ी पाए गए COVID-19 पॉजिटिव, ये हैं रिप्लेसमेंट

नई दिल्ली. साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पोर्ट एलिजाबेथ में खेला जा रहा है और इसी मैच के बीच में दो खिलाड़ियों को कोरोना संक्रमित पाया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुष्टि की है कि सलामी बल्लेबाज सरेल इरवी और हरफनमौला खिलाड़ी वियान मुल्डर को कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है। ऐसे में ये दोनों खिलाड़ी पोर्ट एलिजाबेथ में बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के शेष भाग को मिस करेंगे।

प्रोटियाज के लिए टेस्ट में पदार्पण करने वाले खाया जोंडो को इरवी के रिप्लेसमेंट के रूप में नामित किया गया है, जबकि प्लेइंग इलेवन में मुल्डर की जगह ग्लेनटन स्टुरमैन को शामिल किया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के एक बयान के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों ने अस्वस्थ महसूस किया और सुबह दोनों खिलाड़ियों के कोरोना परिणाम पॉजिटिव आए। छ्रू ने अब COVID-19 रिप्लेसमेंट प्रोटोकॉल लागू किया है, जो दौरे की शुरुआत से पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ सहमत था।क्रिकेट साउथ अफ्रीका यानी सीएसए के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शुएब मांजरा ने एक बयान में कहा है, ÷यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, लेकिन यह अप्रत्याशित नहीं है, क्योंकि इस दौरे को सख्त जैव-सुरक्षित पर्यावरण के बजाय प्रबंधित इवेंट एनवायरनमेंट (एमईई) प्रोटोकॉल के तहत करने का निर्णय लिया गया था। (बीएसई) प्रोटोकॉल जैसा कि पहले होता था।÷ साउथ अफ्रीका ने सख्त कोरोना प्रोटोकॉल लागू नहीं किए हैं। ऐसे में इस स्थिति से गुजरना पड़ा है।

बाबर आजम और राचेल हेन्स ने जीता ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड, इन खिलाड़ियों को दी मात

हेन्स ने इंग्लैंड की सोफी एक्सलेस्टन (Sophie Ecclestone) को और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वाल्वाईट (Laura Wolvaardt) को मात दी। वहीं, बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान कमिंस और वेस्टइंडीज के टेस्ट कप

दुबई. टरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मार्च 2022 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड (ICC Players of the Month for March 2022) जीतने वाले खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी है। मेंस कैटेगरी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने जबकि वुमेंस कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स (Rachael Haynes) ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड अपने नाम किया है।

ह्लएमएस धोनी को अब ओपनिंग में आना चाहिएह्ल; चेन्नई सुपर किंग्स के खराब प्रदर्शन पर बोले पार्थिव पटेल

हेन्स ने इंग्लैंड की सोफी एक्सलेस्टन (Sophie Ecclestone) को और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वाल्वाईट (Laura Wolvaardt) को मात दी। वहीं, बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान कमिंस और वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को हराकर आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता। ऑस्ट्रेलिया की राचेल हेन्स हाल में ही वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की सदस्य थी। बाबर ने हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया। टेस्ट सीरीज में वह उस्मान ख्वाजा और अब्दुल्लाह शफीक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने पांच पारियों में 78 की औसत से 390 रन बनाए। इसमें कराची में दूसरे टेस्ट के दौरान खेली गई 196 रनों की मैच बचाने वाली पारी भी शामिल है। बाबर ने वनडे में भी पहले मैच में 57 और दूसरे मैच में 118 रनों की शतकीय पारी खेली।

Orange Cap IPL 2022: ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान के जॉस बटलर सबसे आगे, क्विंटन डिकॉक और हेटमायर ने लगाई लंबी छलांग

मुंबई. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सीजन में रविवार को राजस्थान रॉयल्स (RR) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) से हुआ। इस मुकाबले में राजस्थान के सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर (Jos Buttler) कुछ खास नहीं कर सके। ?इस सीजन में शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज बटलर लखनऊ के खिलाफ केवल 13 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि इसके बावजूद बटलर के पास ऑरेंज कैप (Orange Cap IPL 2022) बरकरार है।

आईपीएल 2022 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में बटलर चार मैचों में 218 रनों के टॉप पर कायम हैं। उनके इस इस सीजन में अभी एक शतक और एक अर्धशतक है।वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 39 रन बनाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (**Quinton de Kock**) अपने इस प्रदर्शन के दम पर ऑरेंज कैप के करीब पहुंच गए हैं। डिकॉक लंबी छलांग लगाते हुए इस सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पांचवें से दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके अब पांच मैचों से 188 रन हो गए हैं। इनमें दो अर्धशतक भी शामिल है।

गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल 3 मैचों में 180 रनों के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। उनके अलावा मुंबई इंडियंस के ओपनर ईशान किशन भी दूसरे से चौथे नंबर पर लुढ़क गए हैं। ईशान के चार मैचों से 175 रन है। हालांकि इसके बावजूद मुंबई की टीम अबतक एक भी मैच नहीं जीती है।

Charleston Open: सानिया मिर्जा और लूसी ह्रादेका की जोड़ी चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में हारीं

नई दिल्ली. भारत की सानिया मिर्जा और चेक रिपब्लिक की लूसी ह्रादेका (Lucie Hradecka) को अमेरिका में जारी चार्ल्सटन ओपन (Charleston Open) डब्ल्यूटीए 500 टेनिस टूर्नामेंट में वुमेंस डबल्स के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

WTA 500 इवेंट के फाइनल में सानिया और ह्रादेका की जोड़ी को चौथी सीड स्लोवेनिया की आंद्रेया क्लेपाच और पोलैंड की माग्दा लिनेट (Andreja Klepac and Magda Linette) की जोड़ी से शिकस्त खानी पड़ी। क्लेपाच और पोलैंड की माग्दा लिनेट की वुमेंस डबल्स जोड़ी ने दो घंटे और 35 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में सानिया मिर्जा और लूसी ह्रादेका की जोड़ी को 6-2 4-6 10-7, से मात दी।

सानिया मिर्जा और लूसी ह्रादेका की जोड़ी ने इससे पहले,

सेमीफाइनल में टॉप सीड चीन की झांग शुआई और अमेरिका की कैरोलाइन डोलेहाइड की जोड़ी को हराते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। सानिया-लूसी की जोड़ी ने 6-2, 4-6, 10-8 से शिकस्त दी थी। सानिया ने जनवरी की शुरुआत में ही घोषणा कर दी थी कि वह इस सीजन के बाद संन्यास ले लेंगी। भारतीय महिला टेनिस अब मई में फ्रेंच ओपन में खेलेंगी।

IPL 2022: क्या मैथ्यू वेड की जगह ऋद्धिमान साहा को मिलेगा मौका? ऐसा हो सकता है गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद का प्लेइंग XI

नई दिल्ली. Indian Premier League 2022 Gujarat Titans vs Sunrisers Hyderabad: इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में आज गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अहम मुकाबला खेला जाना है। मैच मुंबई के डॉ. डीवाइ पाटिल स्पोर्ट्स एकैडमी स्टेडियम में खेला जाना है। यह मैच इसलिए अहम है क्योंकि गुजरात टाइटन्स ने अभी तक इस टूर्नामेंट में हार का मुंह नहीं देखा है और सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार दो हार के बाद पिछले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ शानदार जीत नसीब हुई थी। कप्तान केन विलियमसन शायद ही अपने विनिंग कॉम्बिनेशन में कोई

बदलाव करना चाहें, लेकिन गुजरात टाइटन्स के लिए मैथ्यू वेड का नहीं चलना चिंता की बात बना हुआ है।सनराइजर्स हैदराबाद की बात करें तो उमरान मलिक की जगह टीम कार्तिक त्यागी को प्लेइंग ङ्गद्ध में उतार सकती है। भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन और मार्को जैनसेन का खेलना तो लगभग तय ही माना जा रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद का बॉलिंग अटैक काफी दमदार है और पिछले मैच में अभिषेक शर्मा, कप्तान केन और राहुल त्रिपाठी के बल्ले से रन निकले थे, जिससे टीम का कॉन्फिडेंस बढ़ा हुआ होगा। वॉशिंगटन सुंदर ने पिछले मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की थी, ऐसे में गुजरात टाइटन्स के बैटर्स को थोड़ा संभल कर खेलना होगा।गुजरात टाइटन्स की बात करें तो शुभमन गिल जबर्दस्त फॉर्म में हैं, जबकि राहुल तेवतिया ने आखिरी के ओवरों में कमाल करने का अपना ट्रेंड बनाया हुआ है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज अगर टॉप ऑर्डर में गिल को जल्दी आउट कर देते हैं, तो फिर दबाव बना सकते हैं। कप्तान हार्दिक पांड्या नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आ रहे हैं और मिडिल ऑर्डर में डेविड मिलर, राहुल तेवतिया और अभिनव मनोहर जैसे बल्लेबाज बच जाते हैं। गुजरात टाइटन्स किसी सूरत में नहीं चाहेगा कि इन बल्लेबाजों को जल्द उतरने की जरूरत पड़े।

'एमएस धोनी को अब ओपनिंग में आना चाहिए'; चेन्नई सुपर किंग्स के खराब प्रदर्शन पर बोले पार्थिव पटेल

धोनी ने हालांकि टी20 क्रिकेट में कभी ओपनिंग नहीं की है। उन्होंने करीब 17 साल पहले वनडे में बतौर ओपनिंग बल्लेबाजी की थी। पार्थिव पटेल ने कहा कि धोनी ने कई चुनौतीपूर्ण पिचों पर रन बनाए हैं।

नई दिल्ली. चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 15वां सीजन अब तक सबसे खराब गुजरा है। टीम को अपने पहले चारों मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और उसे अभी भी पहली जीत की तलाश है। फैंस को भी लगने लगा है कि चेन्नई अब शायद ही प्लेऑफ में जगह बना पाएगी। इस बीच, पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने चेन्नई की वापसी के लिए एक अलग ही तरह का सुझाव दिया है। सीएसके

के पूर्व बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि मौजूदा चैं?पियन को इस सीजन में वापसी करने के लिए कुछ अलग करना होगा।पार्थिव पटेल ने क्रिकबज पर कहा, ' वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सीएसके की टीम को पुनर्जीवित किया है। एमएस धोनी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर ओपनर की थी, तो क्यों न अपने करियर के अंतिम पड़ाव में वह फिर से इस भूमिका को करेंगे? वह अभी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं और मुश्किल से 10-15 गेंद खेलते हैं। तो क्यों न धोनी नंबर 3 पर या नंबर 4 पर या फिर ओपनिंग में बल्लेबाजी करें? अगर वह 14-15 ओवर तक वहां रहते हैं तो कुछ भी हो सकता है। आपको कुछ अलग करना होगा।धोनी ने हालांकि ञ्ज20 क्रिकेट में कभी ओपनिंग नहीं की है। उन्होंने करीब 17 साल पहले वनडे में बतौर ओपनिंग बल्लेबाजी की थी। पार्थिव पटेल ने कहा कि धोनी ने कई चुनौतीपूर्ण पिचों पर रन बनाए हैं। सीएसके की टीम सीजन के अपने पांचवें मैच में मंगलवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से भिड़ेगी, जहां उसकी कोशिश इस सीजन अपनी पहली जीत दर्ज करने की होगी।

IPL 2022, RR vs LSG: युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में पूरे किए 150 विकेट, बने ऐसा करने वाले मात्र चौथे भारतीय

नई दिल्ली. लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले चौथे भारतीय और कुल 6ठें गेंदबाज बन गए हैं। चहल से पहले ड्वेन ब्रावो, लासिथ मलिंगा, पीयूष चावला, अमित मिश्रा और हरभजन सिंह आईपीएल में 150 विकेट ले चुके हैं। लखनऊ के खिलाफ चहल ने आयुष बदोने के साथ क्विंटन डी कॉक, क्रुणाल पांड्या और दुषमंत चमीरा को अपना शिकार बनाया। चमीरा चहल के 150वें आईपीएल विकेट थे। इस शानदार प्रदर्शन से चहल आईपीएल 2022 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं उन्होंने इस सीजन में 11 विकेट लेकर उमेश यादव से पर्पल कैप छीन ली है। उमेश अभी तक सीजन 15 में 10 विकेट ले पाए हैं।

आईपीएल में सबसे अधिक

विकेट लेने वाले गेंदबाज

ड्वेन ब्रावो - 173

लासिथ मलिंगा - 170

अमित मिश्रा - 166

पीयूष चावला - 157

हरभजन सिंह - 150

युजवेंद्र चहल - 150*

वानखेड़े में खेले गए इस मैच को राजस्थान रॉयल्स ने 3 रनों के अंतर से जीता। इस जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर भी पहुंच गई है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शिमरन हेटमायर के अर्धशतक के दम पर लखनऊ के सामने 166 रनों का लक्ष्य रखा था। आखिरी ओवर तक चले इस मुकाबले में लखनऊ 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 ही रन बना सकी। लखनऊ के लिए क्विंटन डी कॉक ने 39 और मार्कस स्टॉयनिस ने 38* रन की पारी खेली, वहीं युजवेंद्र चहल ने सबसे अधिक 4 विकेट चटकाए।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल (29) ने अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। बटलर (13) के आउट होते ही राजस्थान को बैक टू बैक 3 और झटके लगे। 41/1 से स्कोर कुछ ही ओवर में 67/4 हो गया। इस मुश्किल समय पर अश्विन ने हेटमायर का साथ दिया और दोनों के बीच 68 रनों की साझेदारी हुई। अश्विन 23 गेंदों पर 28 रन बनाकर रिटायर आउट हो गए वहीं हेटमायर ने 36 गेंदों पर 1 चौके और 6 छक्कों की मदद से 59 रन की नाबाद पारी खेली। राजस्थान 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 165 रन बना पाई। लखनऊ के लिए होल्डर और गौतम ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जाइंट्स को ट्रेंट बोल्ड ने शुरुआती झटके दिए। पारी की पहली गेंद पर उन्होंने कप्तान केएल राहुल को गोल्डन डक पर आउट किया, वहीं दूसरी गेंद पर उन्होंने गौतम को स्रुङ्ख आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। लखनऊ को तीसरा झटका प्रसिद्ध कृष्णा ने होल्डर को 8 के निजी स्कोर पर आउट करके दिया।शुरुआत में तीन विकेट खोने के बाद क्विंटन डी कॉक को दीपक हुड्डा का कुछ देर साथ मिला जिन्होंने 25 रन बनाए। इसके बाद क्रुणाल पांड्या ने आकर 22 रन की पारी खेली। एक समय ऐसा लग रहा था कि लखनऊ आसानी से यह मैच हार जाएगी, मगर तब स्टॉयनिस ने 17 गेंदों पर 2 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 38 रन की पारी खेल मैच में रोमांच भर दिया। आखिरी ओवर में लखनऊ को जीत के लिए 15 रनों की दरकार थी, मगर युवा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने राजस्थान के लिए मैच निकाल लिया।

RR vs LSG: संजू सैमसन ने बताया रविचंद्रन अश्विन का 'रिटायर्ड आउट' होने के पीछे किसका आइडिया था

मुंबई.राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2022 के 20वें मुकाबले में एक अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला जब आर अश्विन ने बल्लेबाजी के दौरान अचानक फील्ड छोड़ दी। इस दौरान अंपायर ने भी उन्हें रोकने की कोशिश की मगर अश्विन सीधा डग आउट में जाकर रुके। दरअसल अश्विन ने टीम हित में फैसला लेते हुए खुद को रिटायर्ड आउट घोषित किया ताकी आगे आने वाले बल्लेबाज तेज से रन बना सके। अश्विन का यह फैसला अब चर्चा का केंद्र बना हुआ है। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने भी इस पर अपनी राय दी है। सैमसन ने कहा कि स्लॉग ओवरों में अश्विन के रिटायर्ड आउट का फैसला टीम मैनेजमेंट का था, जोकि मैच की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। राजस्थान आईपीएल इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसके खिलाड़ी ने रिटायर्ड आउट होने का फैसला किया। सैमसन ने मैच के बाद कहा, यह राजस्थान रॉयल्स (अश्विन के रिटायर-आउट) होने के बारे में है। हम अलग-अलग चीजों की कोशिश करते रहते हैं। सीजन से पहले इसके बारे में बात करते रहे हैं। हमने सोचा था कि अगर ऐसी कुछ स्थिति होती है, तो हम इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह टीम का फैसला था।कौन हैं कुलदीप सेन, जो अंतिम ओवर में राजस्थान के लिए बने जीत के हीरोयह मामला पारी के 19वें ओवर का है। अश्विन पिछली कुछ गेंदों से स्ट्राइक तो रोटेट कर रहे थे मगर वह गेंद को बाउंड्री के पार नहीं पहुंचा पा रहे थे।

श्रीलंका के राष्ट्रपति पर बढ़ा इस्तीफे का दबाव

कोलंबो. श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के तहत 10,000 से अधिक लोग 'गाले फेस ग्रीन' पार्क में इकट्ठे हुए और उन्होंने रातभर प्रदर्शन किया। श्रीलंका ब्रिटेन से 1948 में आजादी हासिल करने के बाद सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। देशवासी कई घंटों की बिजली कटौती, गैस, खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी के विरोध में कई हफ्तों से प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने रात भर प्रदर्शन किया। वे राष्ट्रपति से इस्तीफे की मांग करते हुए 'घर जाओ गोटा' जैसे नारे लगा रहे थे।

एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'यह मजाक नहीं है। प्रदर्शन इसलिए कि हमारे पास बिजली, ईंधन और दवाइयां नहीं हैं।' एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, 'उन्हें जाना चाहिए, उनके पास कोई रास्ता नहीं हैं।' गौरतलब है कि संकट के समाधान और आर्थिक कुप्रबंधन के लिए राजपक्षे के इस्तीफे की मांग को लेकर हजारों लोग कई हफ्तों से प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रपति और उनके बड़े भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे, राजनीतिक रूप से शक्तिशाली अपने परिवार के सार्वजनिक आक्रोश का केंद्र बनने के बावजूद सत्ता पर काबिज हैं। सरकार का अनुमान है कि कोविड-19 महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में श्रीलंका की पर्यटन पर निर्भर अर्थव्यवस्था को 14 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है।

उत्तर कोरिया ने किम के नेतृत्व की 10वीं वर्षगांठ पर नया प्रदर्शनी हॉल खोला

सोल. उत्तर कोरिया ने अपने नेता किम जोंग-उन के सत्ता में आने की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्योंगयांग के एक प्रमुख संग्रहालय में एक नया प्रदर्शनी हॉल खोला है।

आधिकारिक कोरियाई केंद्रीय समाचार एजेंसी (केसीएनए) ने कहा, कोरियाई क्रांति संग्रहालय में उत्तर कोरिया ने मई 2016 में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के एक सम्मेलन में एक जिम्मेदार परमाणु हथियार राज्य बनाने के संकल्प के बाद से किम की प्रमुख अमर नेतृत्व की उपलब्धियों की तस्वीरें और वीडियो प्रदर्शित किए।

समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के मुताबिक, सम्मेलन के दौरान किम ने कहा कि उत्तर कोरिया तब तक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा जब तक कि उसकी संप्रभुता खतरे में नहीं आ जाती।संग्रहालय ने नवंबर 2017 में किम द्वारा लिखे गए एक पत्र को यह घोषित करने के लिए भी प्रदर्शित किया कि देश ने एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने के बाद राज्य परमाणु बल का विकास पूरा कर लिया है।

केसीएनए ने बताया कि उत्तर कोरिया ने किम के नेतृत्व की स्मृति में पिछले दिन एक राष्ट्रीय बैठक की, जिसमें उन्होंने देश को आत्मरक्षा के सभी शक्तिशाली भौतिक साधनों से लैस एक पूर्ण सैन्य शक्ति के बारे में बात की।

जॉर्डन के राजा तत्काल सर्जरी के लिए जर्मनी रवाना

अम्मान. जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय थोरैसिक हर्नियेटेड डिस्क के इलाज के लिए एक तत्काल सर्जरी कराने के लिए जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं। ये जानकारी रॉयल हैशमाइट कोर्ट ने दी।

इस बीच, क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय ने कैबिनेट सदस्यों की उपस्थिति में रीजेंट के रूप में शपथ ली।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शाही अदालत ने शनिवार को खुलासा किया कि जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में एक विशेषज्ञ अस्पताल में ऑपरेशन के लिए राजा के अरब साम्राज्य में लौटने से पहले लगभग एक सप्ताह के लिए आराम की जरूरत होगी।अदालत ने कहा कि राजा को रीढ़ की हड्डी में दर्द की शिकायत थी, लेकिन हाल ही में हर्नियेशन के कारण तंत्रिका पर दबाव बढ़ गया, जिसके लिए चिकित्सा सलाह के आधार पर तत्काल सर्जरी की जरूरत है।

पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर इमरान के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शन

इस्लामाबाद. देश के विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से बेदखल किए जाने के खिलाफ पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए।डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे से इस्लामाबाद, लाहौर, कराची, पेशावर, मलकंद, मुल्तान, खानेवाल, खैबर, झांग, क्वेटा, ओकारा, एबटाबाद, बाजौर, लोअर दीर, शांगला, कोहिस्तान, मानसेहरा, स्वात, गुजरात, फैसलाबाद, नौशेरा, डेरा गाजी खां और मंडी बहाउद्दीन में विरोध प्रदर्शन हुए।

रविवार देर रात ट्विटर पर खान ने उनके समर्थन में आए हजारों प्रदर्शनकारियों को धन्यवाद दिया

उन्होंने कहा, स्थानीय मीर जाफर्स द्वारा सत्ता में लाए जाने के लिए अमेरिकी समर्थित शासन परिवर्तन का विरोध करने के लिए समर्थन और भावनाओं के अद्भुत प्रदर्शन के लिए सभी पाकिस्तानियों को धन्यवाद। ये दिखाता है कि देश और विदेश में पाकिस्तानियों ने इसे जोरदार तरीके से खारिज कर दिया है।

विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले रविवार शाम को पूर्व प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था, पाकिस्तान 1947 में एक स्वतंत्र राज्य बन गया था, लेकिन सत्ता परिवर्तन की एक विदेशी साजिश के खिलाफ आज फिर से स्वतंत्रता संग्राम शुरू होने वाला है। हमेशा देश के लोग अपने लोकतंत्र और संप्रभुता की रक्षा करते हैं।डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी इस्लामाबाद में शहर के जीरो पॉइंट से विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जिससे श्रीनगर हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया।

इस बीच, महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में खान के समर्थक पेशावर प्रेस क्लब में पहुंचे और विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की।लाहौर में एक रैली शहर के लिबर्टी चौक की ओर बढ़ी, जिसमें लोगों ने अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की।कराची में राशिद मिन्हास रोड पर विरोध प्रदर्शन किया गया जहां बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

पाकिस्तान के अलावा दुबई और लंदन के हाइड पार्क में भी विरोध प्रदर्शन हुए।रविवार को 342 सदस्यों वाली नेशनल असेंबली में 174 सदस्यों द्वारा उन्हें पद से हटाने के पक्ष में मतदान करने के बाद खान अविश्वास मत के माध्यम से अपदस्थ होने वाले पाकिस्तान के इतिहास में पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं।

अमेरिका के टैबू नाइट क्लब में गोलीबारी, 2 की मौत, 10 घायल

वॉशिंगटन. अमेरिका में लोवा प्रांत के सीडर रैपिड्स स्थित एक नाइट क्लब में रविवार देर रात गोलीबारी की घटना घटी. गोलीबारी की इस वारदात में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए. अमेरिकी प्रशासन के मुताबिक, घटना देर रात (भारतीय समय के मुताबिक) 1:30 बजे टैबू नाइट क्लब में घटी. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा बल के जवान आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंच. हालांकि, इस मामले अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस अभी तक पीड़ितों के नाम या घायलों की स्थिति के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है. इसके साथ ही पुलिस ने यह भी नहीं

बताया कि गोलीबारी की इस घटना में कितने संदिग्ध शामिल थे. पुलिस ने यह भी नहीं बताया कि गोलीबारी का कारण क्या था.क्लब के मालिक, मोड विलियम्स ने सीडर रैपिड्स गजट को बताया कि उन्हें गोलीबारी के बारे में अधिक जानकारी नहीं है.

फ्रांस में हो रहे चुनाव, इंडिया के इन शहरों में भी डाले गए वोट; हिजाब पर भी माहौल गर्म

पुडुचेरी. फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव (France President Election 2022) के पहले चरण के लिए मतदान रविवार को हुआ. इस बार राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) को प्रतिद्वंदी उम्मीदवार मरीन ली पेन (Marine Le Pen) से कड़ी टक्कर मिल रही है. ये अलग बात है कि एक्जिट पोल से मैक्रों के सत्ता में वापसी के आसार हैं.

फ्रांस के चुनावों में हिजाब बड़ा मुद्दा

फ्रांस कट्टरपंथ के खिलाफ अपनी सख्त नीतियों के लिए जाना जाता है. इस वजह से इस चुनाव में हिजाब विवाद भी एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है. मैक्रों खुद फ्रांस समेत दुनियाभर में मुस्लिम कट्टरपंथ के खिलाफ सख्त रुख अपनाएं हुए हैं. यही वजह है कि इन चुनावों में कट्टरपंथ बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है.

ली पेन के वादे से बढ़ेगी मैक्रों की मुश्किल?

एक्जिट पोल के बाद यह भी कहा जा रहा है कि अगर वामपंथी उम्मीदवार मेलेंकन के वोट कम हुए और हिजाब या मुस्लिम कट्टरपंथ पर नकेल को लेकर ली पेन के हाल ही में किए गए वादों का असर हुआ तो मैक्रों की मुश्किल बढ़ सकती है.

फ्रांस के चुनाव के लिए भारत में वोटिंग

फ्रांस में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को लेकर भारत में भी बहुत सारे फ्रांसीसी नागरिकों ने मतदान किया. यह सुनकर आपको थोड़ा अजीब लग रहा होगा लेकिन यह सच है. केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में रह रहे फ्रांस के नागरिकों ने राष्ट्रपति चुनाव में रविवार को मतदान किया.केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी (Puducherry) में रह रहे फ्रांस के नागरिकों ने अपने देश के राष्ट्रपति चुनाव में (France President Election 2022) रविवार को यहीं भारत में मतदान किया. बता दें कि पुडुचेरी पहले एक फ्रांसीसी उपनिवेश था. आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केरल (Kerala), तमिलनाडु (Tamil Nadu) और पुडुचेरी में रह रहे करीब 4,564 फ्रेंच नागरिकों ने पहले चरण के चुनाव में मतदान किया.

सीरिया ने यूएन से इजरायली हमलों को रोकने के लिए हस्तक्षेप का किया आग्रह

दमिश्क. सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से सीरिया में बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। ये जानकारी स्टेट न्यूज एजेंसी सना की रिपोर्ट से सामने आई है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भेजे गए पत्र में मेकदाद ने लिखा कि इजरायल बार-बार हमले कर रहा है। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र को हस्ताक्षरित 1974 के समझौते की रक्षा और संरक्षण के लिए तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत है।मेकदाद ने कहा कि सीरिया ने हमेशा अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर इजरायल के लगातार हमलों के परिणामों के बारे में चेतावनी दी है।सीरिया ने मध्य सीरिया में सैन्य स्थलों के खिलाफ रविवार को पहले इजरायली हमले की निंदा की है।युद्ध निगरानी संगठन सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि नए इजरायली हमले ने हामा प्रांत के पश्चिम में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र को निशाना बनास्या।इजरायली पक्ष ने दावा किया कि ईरानी समर्थित बल मध्य दूरी की मिसाइलों और ड्रोन विकसित करने के लिए केंद्र का उपयोग आधार के रूप में कर रहे हैं।

भिखारी द्वारा हत्या की जिस कहानी पर भड़के लोग, उसका सच बेहद खौफनाक निकला

वॉशिंगटन. अमेरिका (America) में भिखारी द्वारा एक महिला की हत्या (Murder) का मुद्दा कई महीनों तक सुर्खियों में रहा. इस वारदात ने भिखारियों के प्रति लोगों की सोच को भी प्रभावित किया. चैट-शो क्वीन कही जाने वालीं ओपरा विनफ्रे (Oprah Winfrey) ने कहा कि अब वह भिखारियों को कुछ देने से पहले सौ बार सोचेंगी. हालांकि, जब असलियत सामने आई तो सबकी आंखें फटी रह गईं.

ज्यादा समय तक नहीं टिकी खुशी

मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, जिस हत्या (Murder) के लिए सड़क किनारे भीख मांगने वाले को दोषी ठहराया जा रहा था, वो



पत्नी के खिलाफ पति की नफरत का परिणाम निकली. Baltimore में रहने वालीं जैकलीन ने 2018 में कीथ स्मिथ नामक शख्स से दूसरी शादी की थी. स्मिथ की पहली शादी से एक लड़की थी और वो उसके साथ ही रहती थी. 52 वर्षीय जैकलीन अपनी नई शादी से बेहद खुश थीं, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा वक्त तक कायम नहीं रह सकी.

पांच बार किया था हमला

पिछले साल दिसंबर में कीथ स्मिथ ने 911 को कॉल करके बताया कि एक भिखारी ने उसकी पत्नी को चाकू मार दिया है और वो उसे लेकर अस्पताल जा रहा है. डॉक्टरों ने जैकलीन को बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके. जैकलीन के सीने पर पांच बार चाकू से हमला किया गया था. ज्यादा खून बहने के चलते उनकी मौत हो गई. स्मिथ और उसकी बेटी ने इसके बाद पुलिस को जो कहानी सुनाई, उसने भिखारियों के प्रति लोगों के दिलों में गुस्सा भर दिया.

हत्यारे पति ने सुनाई ये कहानी

कीथ स्मिथ ने बताया कि वो सभी एक बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे. तभी रास्ते में उन्हें सड़क किनारे एक महिला नजर आई, जिसके हाथ में बच्चा था. जैकलीन उस महिला को कुछ पैसे देना चाहती थी. लिहाजा, उसने गाड़ी महिला के पास रोकने को कहा. पिछली सीट पर बैठी जैकलीन ने जैसे ही कार का शीशा नीचे किया, भिखारी महिला ने उस पर हमला बोल दिया. इस बीच, उसका साथी भी वहां आ पहुंचा और छीना-झपटी में उसने जैकलीन पर चाकू से वार करके उसे मौत के घाट उतार दिया.

ऐसे खुली बाप-बेटी की पोल

स्मिथ और उसकी बेटी की इस कहानी पर पुलिस को कुछ विश्वास तो हुआ, लेकिन ये बात उसके गले नहीं उतर रही थी कि सुनसान सड़क पर एक अंजान महिला के लिए गाड़ी रोकी गई. लिहाजा, अधिकारियों ने जब स्मिथ के बयान की पड़ताल शुरू की, तो परत दर परत झूठ उजागर होता गया. पुलिस ने वारदात वाली जगह लगे CCTV खंगाले तो पाया कि स्मिथ की कार वहां बताए गए समय पर नहीं थी. उसकी मोबाइल लोकेशन भी उसके झूठ की कहानी बयां कर रही थे.

इस वजह से पति ने किया मर्डर

इसके बाद पुलिस ने स्मिथ की लड़की से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने पूरी साजिश से पर्दा उठा दिया. लड़की ने बताया कि उसके पिता ने ही जैकलीन की हत्या की है, क्योंकि वो उन्हें तलाक देने का मन बना चुकी थी. जैकलीन आर्मी रिसर्च फैसिलिटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थीं और स्मिथ ड्राइवर के तौर पर काम करता था.

स्मिथ को लगने लगा था कि यदि जैकलीन उसे छोड़ देती है, तो उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा. इसलिए उसने जैकलीन को ही रास्ते से हटाने का प्लान तैयार कर डाला.

हमारे खिलाफ और बड़े मिसाइल व हवाई हमले कर सकता है रूस, हम जवाब देने के लिए तैयार : जेलेंस्की

कीव. यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि रूस हमारे राज्य के पूर्व में और भी बड़े ऑपरेशन कर सकता है, उन्होंने नागरिकों से मौजूदा युद्ध के बीच नए दौर के हमले की तैयारी करने का आग्रह किया।वीडियो संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, वे हमारे खिलाफ और भी अधिक मिसाइलों और हवाई बम का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें जवाब देने के लिए तैयार हैं।

यूक्रेन के सशस्त्र बलों के में एक आक्रामक अभियान की तैयारी करने की कोशिश कर रहा है।यूक्रेइंस्का प्रावदा ने जनरल स्टाफ के हवाले से एक बयान में कहा, रूस फिर से संगठित हो रहा है। प्रबंधन प्रणाली और सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा है। रूसी कब्जे वाले बल बटालियन सामरिक समूहों को पूर्वी और मध्य सैन्य जिलों से यूक्रेन की सीमा से लगे बेलगोरोड, वोरोनिश और कुर्स्क क्षेत्रों में ले जा रहे हैं।

रूसी सैनिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसमें स्पेयर पार्ट्स और कुछ प्रकार के तोपखाने गोला-बारूद की कमी के साथ-साथ सामग्री और तकनीकी सुविधाओं के भंडारण और आपूर्ति की व्यवस्था के मुद्दे शामिल हैं।

बीबीसी ने बताया कि इस बीच, यूक्रेन के मुख्य खुफिया निदेशालय ने कहा कि रूस ने डोनबास क्षेत्र में अपने अभियान को तेज कर दिया है .

इजरायल के बजट घाटे में लगातार गिरावट जारी

यरुशलम. देश में मार्च में समाप्त 12 महीने की अवधि में इजरायल का बजट घाटा घटकर 22 अरब नए शेकेल (6.83 अरब डॉलर) हो गया है। ये जानकारी देश के वित्त मंत्रालय ने साझा की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि अप्रैल 2021 और मार्च 2022 के बीच इस घाटे का आंकड़ा इजरायल के सकल घरेलू उत्पाद का 1.4 प्रतिशत है, जो 2008 के बाद से सबसे कम दर है।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के राजस्व में निरंतर वृद्धि और सरकारी व्यय में गिरावट ने बजट घाटे को कम करने में मदद की है।

साल 2022 की शुरुआत के बाद से इजरायली सरकार का

राजस्व 125.6 अरब शेकेल (ईजरायली रुपये) तक पहुंच गया, जो कि वर्ष दर वर्ष 29.3 प्रतिशत की वृद्धि है, जबकि व्यय कुल 102.2 अरब शेकेल है, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 15.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

रिपोर्ट ने पहली तिमाही में खर्च में गिरावट को इजराइली सरकार द्वारा कोरोना महामारी के लिए वित्तीय सहायता योजना से धीरे-धीरे वापस लेने के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसे जुलाई 2020 में देश में कमजोर लोगों की मदद के लिए लॉन्च किया गया था।

पहली तिमाही में इजरायल के बजट में 23.4 अरब शेकेल का अधिशेष दर्ज किया गया था, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में 23.3 अरब शेकेल की कमी थी। मार्च 2021 में 12.2 अरब शेकेल की कमी की तुलना में मार्च में 70 करोड़ शेकेल का अधिशेष दर्ज किया गया था।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

इस्तीफा नहीं देंगे इमरान की पार्टी के सांसद, कुरैशी को जिताने की अपील

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में राजनीतिक हालात दिन-प्रति-दिन करवट ले रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव के दौरान नेशनल असेंबली का बहिष्कार कर बाहर गए इमरान खान की पार्टी के सांसद अब इस्तीफा नहीं देंगे। यही नहीं इमरान की पार्टी ने प्रधानमंत्री पद के लिए अपने प्रत्याशी शाह महमूद कुरैशी को जिताने की अपील जारी की है। पाकिस्तान में अविश्वास प्रस्ताव से इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद रविवार को नया प्रधानमंत्री चुनने की प्रक्रिया शुरू हुई। विपक्ष की ओर से पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन कराया है। उधर इमरान

खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को प्रत्याशी बनाया है। कुरैशी ने भी नामांकन करा दिया है। दोनों नामांकन स्वीकार हो गए हैं और सोमवार दोपहर बाद नेशनल असेंबली में नए प्रधानमंत्री का चुनाव होगा।

इस बीच पीटीआई के प्रधानमंत्री उम्मीदवार शाह महमूद कुरैशी ने पीटीआई के सभी सांसदों के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि पीटीआई कोर कमेटी की बैठक में अधिकांश सांसदों का मानना था कि नेशनल असेंबली में रहकर अंदर और बाहर नई सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी जाए। वैसे संसद की कार्यवाही से पहले इस पर अंतिम निर्णय की बात भी उन्होंने कही। इस बीच पीटीआई के महासचिव असद उमर ने पार्टी के सभी सांसदों से शाह महमूद कुरैशी को जिताने के लिए प्रधानमंत्री पद के चुनाव के दौरान नेशनल असेंबली में मौजूद रहने की अपील की है। उन्होंने पार्टी से बगावत करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी।